Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 173 | बुधवार, 25 जून -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## अमित शाह ने विपक्ष पर जमकर साधा निशाना

# बोले- वो आपातकाल नहीं कांग्रेस का 'अन्यायकाल' था



**नई दिल्ली।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आपातकाल के खिलाफ जारी संघर्ष ने ही लोकतंत्र को जीवंत बनाए रखा है। मोदी जी ने 'संविधान हत्या दिवस' मनाने का निर्णय इसलिए लिया, ताकि देश की चिर स्मृति में यह बना रहे कि जब कोई सरकार तानाशाह बनती है, तो देश को कैसे भयानक दुष्परिणाम भुगतने पड़ते हैं। उन्होंने कहा कि आपातकाल लगाया जानेवाला दिन, 25 जून सभी को याद दिलाता है कि कांग्रेस सत्ता के लिए कितनी दूर जा सकती है। वह आपातकाल नहीं बल्कि कांग्रेस का 'अन्यायकाल' था। केंद्रीय गृह मंत्री ने मंगलवार को एक कार्यक्रम में कहा कि भले ही 1975 के आपातकाल को 50 वर्ष हो गए हों, लेकिन कांग्रेस के "अत्याचार, तानाशाही और अन्याय" की यादें आज भी लोगों के मन में ताजा हैं। द्रमुक, समाजवादी नेताओं और अन्य पर निशाना साधा, जो कांग्रेस के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये लोग उस पार्टी के साथ बैठे हैं जिसने आपातकाल लगाकर "लोकतंत्र की हत्या" की थी। आपातकाल के बाद देशभर में विपक्षी नेता, छात्र कार्यकर्ता, पत्रकार और संपादकों समेत 1.1 लाख लोग गिरफ्तार किए गए थे। इसके बाद गुजरात और तमिलनाडु में गैर-कांग्रेस सरकारों को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने बर्खास्त कर दिया था। उन्होंने कहा, "दुर्भाग्यवश, आपातकाल का सामना करने वाले कई लोग अब कांग्रेस पार्टी के साथ हैं। मैं इन पार्टियों द्रमुक, समाजवादी (समाजवादियों) और अन्य से पूछना चाहता हूं, कि जब आप उस पार्टी के साथ हैं जिसने देश में लोकतंत्र की हत्या की, तो आपको लोकतंत्र के बारे में सवाल पूछने का क्या अधिकार है?"शाह ने कहा कि भारत तानाशाही को स्वीकार नहीं कर सकता क्योंकि यह देश लोकतंत्र का जन्मस्थान है। तानाशाह के चारों ओर एक छोटे से समूह को छोड़कर किसी को भी आपातकाल पसंद नहीं आया। यही कारण है कि जब आपातकाल हटा, तो भारत के लोगों ने देश की पहली गैर-कांग्रेस सरकार का चुनाव किया।" गृह मंत्री ने कहा कि जब आपातकाल लगाया गया, तब वह 11 वर्ष के थे और उनके गांव से 184 लोग गिरफ्तार कर साबरमती जेल में डाले गए थे।

### राहुल गांधी पर किया कटाक्ष

अमित शाह ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का नाम लिए बगैर उन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि संविधान की कसम खाने वाले नेताओं को संविधान के बारे में बात करने का क्या अधिकार है? वह इन नेताओं को याद दिलाना चाहते हैं कि इन्हीं की पार्टी ने आपातकाल लगाने से पहले क्या संसद से मंजूरी ली थी?

## नेतन्याहू ने ईरान को दी चेतावनी

# 'फिर से परमाणु कार्यक्रम चलाया तो करेंगे भयंकर हमला'

**यरुशलम।**

इजरायल और ईरान के बीच 12 दिन के युद्ध के बाद मंगलवार तड़के उसके विराम की घोषणा हो गई।

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान के साथ युद्ध विराम पर सहमति जताने के बाद मंगलवार को ऐतिहासिक जीत की घोषणा की और जोर देकर कहा कि उनके देश का कट्टर दुश्मन कभी भी परमाणु हथियार हासिल नहीं कर पाएगा। राष्ट्र के नाम संबोधन में प्रधानमंत्री नेतन्याहू की यह टिप्पणी ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन द्वारा यह कहे जाने के बाद आई कि उनका देश अपने परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत पर लौटने को तैयार है। हालांकि, पेजेशकियन ने जोर देकर कहा कि ईरान परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग के लिए अपने वैध अधिकारों का दावा करना जारी रखेगा। पेजेशकियन के बयान के बाद नेतन्याहू ने कहा कि ईरान के हाथ कभी भी परमाणु हथियार नहीं लगने देंगे। हमने ईरान की परमाणु परियोजना को विफल कर दिया है। और अगर ईरान में कोई भी इसे फिर से बनाने की कोशिश करता है, तो हम किसी भी प्रयास को विफल करने के लिए उसी दृढ़ संकल्प और उसी तीव्रता के साथ काम करेंगे। इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष पर विराम लगाने में कतर की अहम भूमिका सामने आ रही है। इस खाड़ी देश ने ईरान को संघर्ष विराम के लिए मनाया, जिसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम की घोषणा की। ट्रंप ने पहले इजरायल को संघर्ष विराम के लिए राजी किया और फिर कतर के अमीर को ईरान को मनाने के लिए कहा। समाचार एजेंसी रॉयटर के अनुसार, कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल थानी ने संघर्ष विराम के लिए ईरान को राजी करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ट्रंप ने कतर के अमीर को फोन कर यह सूचना दी कि इजरायल ने प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है और दोहा से तेहरान को मनाने में मदद करने का अनुरोध किया। इसके बाद कतर के प्रधानमंत्री ने ईरानी अधिकारियों से बातचीत की। कतर के विदेश मंत्रालय ने कहा कि संघर्ष विराम क्षेत्रीय टकराव का समाधान निकालने के उद्देश्य से वार्ता और कूटनीति की दिशा में एक सार्थक कदम है। जबकि कतर के प्रधानमंत्री ने मंगलवार को कहा कि उनके देश में अमेरिकी एयरबेस पर मिसाइल हमले से ईरान के साथ संबंधों में तनाव आ गया, लेकिन उम्मीद है कि दोनों देशों के आपसी संबंध सामान्य हो जाएंगे।



## चीन में आतंकवाद के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करेगा भारत

**नई दिल्ली।** चीन के किंगदाओ शहर में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक बुधवार (25 जून) से शुरू हो रही है। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एक उच्च-स्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। बैठक में क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा, आतंकवाद विरोधी प्रयासों और एससीओ सदस्य देशों के रक्षा मंत्रालयों के बीच सहयोग सहित कई मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है। पाकिस्तान समर्थित सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत के कूटनीतिक प्रहार के अनुरूप राजनाथ आतंकवाद से निपटने के लिए सदस्य देशों के बीच सहयोग बढ़ाने पर जोर देंगे।

## ईरान से नई दिल्ली पहुंची विशेष उड़ान, 282 नागरिक लौटे स्वदेश

**नई दिल्ली।**



भारत ने ईरान और इजरायल से 25 जून रात करीब 12 बजे मशहद से नई दिल्ली पहुंची एक विशेष उड़ान से 282 भारतीय नागरिकों को ईरान से निकाला गया। इसी के साथ भारतीयों को इन दोनों देशों से सुरक्षित निकालने के लिए शुरू किए गए ऑपरेशन सिंधु के तहत अब तक 3100 लोगों से अधिक को सुरक्षित वापस लाया गया है। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने दी। ऑपरेशन सिंधु के तहत ईरान से निकाले गए एक भारतीय नागरिक ने कहा कि मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं। मैं भगवान का शुक्रिया अदा करता हूं कि मैं अब यहां हूं। मैं वहां भारतीय दूतावास के अच्छे व्यवहार के लिए उनका आभारी हूं। मैं इस (भारतीय) सरकार का आभारी हूं। हमें किसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा- ईरान से आया युवक ऑपरेशन सिंधु के तहत ईरान से निकाले गए एक भारतीय नागरिक ने कहा कि अब स्थिति बेहतर है। 2-4 दिन पहले, स्थिति पूरी तरह से अप्रत्याशित थी। भारतीय दूतावास ने हमारे लिए उपयुक्त व्यवस्था की। हमें किसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। विदेश मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, मंगलवार को दो विशेष उड़ानों के जरिये कुल 573 भारतीयों, तीन श्रीलंकाई और दो नेपाली नागरिकों को ईरान से निकाला गया। ईरान से निकाले गए लोगों के नए जत्थों के साथ भारत अब तक फारस की खाड़ी के इस देश से 2,576 भारतीयों को वापस ला चुका है। पिछले सप्ताह ऑपरेशन सिंधु शुरू किया गया था ईरान और इजरायल के बीच युद्ध शुरू होने के बाद पिछले सप्ताह ऑपरेशन सिंधु शुरू किया गया था। अब तक भारत ने कुल 3,170 भारतीयों को इन दोनों देशों से निकाला है। पहले जत्थे में 161 भारतीय सड़क मार्ग से इजरायल से जार्डन पहुंचे और मंगलवार को सुबह 8.20 बजे अम्मान से विशेष विमान के जरिये उन्हें नई दिल्ली लाया गया। इस समूह का स्वागत विदेश राज्य मंत्री पाबित्रा मार्गेरिटा ने हवाई अड्डे पर किया। इजरायल से जार्डन के रास्ते 165 भारतीयों के दूसरे समूह को अम्मान से सी-17 विमान से नई दिल्ली वापस लाया गया।

## दिल्ली को तीन तरफ से मानसून ने घेरा, बारिश का अलर्ट जारी



**नई दिल्ली।**

दिल्ली में मौसम का तेवर बदलने वाला है। एनसीआर को तीन तरफ से मानसून ने घेर रखा है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पूर्वी गुजरात एवं राजस्थान के बड़े हिस्सों में भारी बारिश के संकेत मिल रहे हैं। भारत मौसम विभाग (आइएमडी) के पूवार्नुमान में कहा गया है कि अगले कुछ घंटों के दौरान दिल्ली में कभी भी मानसूनी वर्षा शुरू हो सकती है। दक्षिण भारत के बाद अब उत्तर भारत के मौसम में बड़ा बदलाव आता दिख रहा है। उत्तर के पहाड़ों में एक नए पश्चिम विक्षोभ की सक्रियता से जम्मू-कश्मीर से लेकर हिमाचल एवं उत्तराखंड में भारी बारिश की संभावना है। केरल में एक महीने पहले 24 मई को मानसून ने दस्तक दी थी। इसके बाद लगभग 12 दिनों का ब्रेक लेकर फिर तेजी से आगे बढ़ा है। आइएमडी के पूवार्नुमान में कहा गया है कि दक्षिण भारत के राज्यों से आगे बढ़ते हुए मानसून अब तेजी से उत्तर-पश्चिम के राज्यों में सक्रिय हो गया है। बारिश के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा भी चल सकती है। इसके असर से तापमान में तेजी से गिरावट आ सकती है। उधर उत्तर-पश्चिमी राजस्थान में गुरुवार से मानसून की सक्रियता बढ़ सकती है।

### मानसून अब तेजी से उत्तर-पश्चिम के राज्यों में सक्रिय

एनसीआर में मानसून का इंतजार अब खत्म होने वाला है। पंजाब, हरियाणा एवं दिल्ली में भी तेज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है, जो अगले कुछ दिनों तक जारी रह सकता है। मंगलवार देर रात से ही एनसीआर में मौसम का मिजाज बदल सकता है।

## इंडियन फोर्स की बढ़ेगी ताकत...

# वायुसेना को मिलेंगे छह तेजस लड़ाकू विमान

**नई दिल्ली।**



भारतीय वायुसेना को मार्च 2026 तक कम से छह हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) 'तेजस' मिल जाएंगे। इन अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों का निर्माण कर रही कंपनी हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के प्रमुख ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा है कि तेजस की आपूर्ति में हुई देरी का कारण जीई एयरोस्पेस द्वारा इंजन की आपूर्ति में विलंब है। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने हाल ही में इस मुद्दे को उठाया था, जिसके बाद यह चर्चा का विषय बन गया। एचएएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) डीके सुनील ने कहा कि यह देरी केवल अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस द्वारा समय पर एफ404 इंजन की आपूर्ति करने में असमर्थता के कारण हुई है। एक विशेष साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि जीई एयरोस्पेस द्वारा चालू वित्त वर्ष में 12 इंजन की आपूर्ति किए जाने की उम्मीद है। इससे भारतीय वायुसेना को लड़ाकू विमानों की आपूर्ति में आसानी होगी। उन्होंने कहा-'हर कंपनी को आलोचनाओं का सामना करना पड़ता है। दुर्भाग्यवश, एलसीए मार्क-1ए के मामले में भी ऐसा ही हुआ है। हमने विमान बना लिए हैं और आज की तारीख में हमारे पास छह विमान तैयार हैं।' उन्होंने आगे कहा -'लेकिन जीई एयरोस्पेस से इंजन की आपूर्ति नहीं हुई है। उसे 2023 में इंजन की आपूर्ति करनी थी, लेकिन अब तक हमें केवल एक इंजन मिला है।

जीई की ओर से देरी कोविड महामारी के दौरान उत्पादन में विलंब और कंपनी के कई वरिष्ठ इंजीनियरों के चले जाने के कारण हुई, जिससे आपूर्ति श्रृंखला में बाधा पैदा हुई। एचएएल को मार्च 2026 तक 12 जेट इंजन मिलने की उम्मीद

सुनील के अनुसार, जीई एयरोस्पेस के साथ तकनीकी मुद्दों का समाधान कर लिया गया है और एचएएल को मार्च 2026 तक 12 जेट इंजन मिलने की उम्मीद है।

# असम में सुरक्षा बलों के शिविर में ग्रेनेड से हमला, तीन पुलिसकर्मी घायल

**गुवाहाटी।**



असम के गोलाघाट जिले में मंगलवार रात सुरक्षा बलों के शिविर में ग्रेनेड विस्फोट हुआ, जिसमें तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। सूत्रों ने बताया कि ग्रेनेड बाइक सवार कुछ लोगों ने शिविर में फेंका होगा। यह विस्फोट गोलाघाट जिले के बोकाखाट के सपजुरी पनबाड़ी स्थित शिविर में हुआ, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। अधिकारियों ने बताया कि इस हमले में असम पुलिस के तीन कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनकी पहचान सिद्धार्थ बोरबोरा, सुशील भूमिज और मिंटू हजारिका के रूप में हुई है। तीनों घायल पुलिसकर्मियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# संसद, विधानमंडलों और जनप्रतिनिधियों को 'हाइटेक' बनाने की तैयारी

**मुंबई।**



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि अब लोकसभा में एआइ (आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस) का प्रयोग करते हुए संसद-विधानमंडलों एवं जनप्रतिनिधियों की कार्य दक्षता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने यह बात महाराष्ट्र विधानसभा में प्राक्कलन समितियों पर दो दिन चले सम्मेलन के दौरान कही। बिरला ने मंगलवार को विधानमंडलों में आधुनिक प्रौद्योगिकी के उपयोग का आह्वान करते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी के उपयोग से कानून बनाने वाली संस्थाओं के कामकाज में आवश्यक वित्तीय विवेक आएगा। उन्होंने देशभर के विधानमंडलों की प्राक्कलन समितियों के प्रमुखों और सदस्यों के दो दिवसीय सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में सांसदों एवं विधायकों को आधुनिक तकनीक का प्रशिक्षण दिया जाएगा। विधानसभा सदस्यों को भी तकनीक के बारे में जानकारी होनी चाहिए। आगे कहा कि हम संसद और अन्य विधानमंडलों के सदस्यों के लिए प्रशिक्षण आयोजित करने की योजना बना रहे हैं, ताकि वे डेटा विश्लेषण जैसी तकनीकों का उपयोग कर यह सत्यापित कर सकें कि बजटीय आवंटन उचित था या नहीं। उसे उचित तरीके से खर्च किया गया या नहीं। डीबीटी योजनाओं की सफलता का हवाला देते हुए बिरला ने बताया कि प्रौद्योगिकी के उचित उपयोग से वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता आ सकती है। इसलिए इसका उपयोग समितियों और विधानमंडलों को बेहतर ढंग से काम करने में किया जा सकता है। बाद में एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए बिरला ने यह भी कहा कि संसद में जल्द ही एआइ आधारित तकनीक का इस्तेमाल शुरू किया जाएगा, जिससे कार्यवाही का त्वरित और सटीक अनुवाद 22 आधिकारिक भाषाओं में सदस्यों तक पहुंच सके।

## संपादक की कलम से

# सुखद संघर्षविराम

रूस, चीन, पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आपात बैठक की मांग की थी। उन्होंने बिना शर्त युद्धविराम का प्रस्ताव भी पेश किया। इजरायल-ईरान युद्ध के मद्देनजर और अमरीका के एकतरफा, विनाशक हमले के संदर्भ में उन देशों ने नागरिकों की सुरक्षा, यूएन चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानूनों के अक्षरश: पालन किए जाने के प्रति अपने सरोकार और चिंताएं व्यक्त की थीं। पाकिस्तान इनमें फर्जी और चालबाज देश है, क्योंकि वह ईरान के साथ डबल गेम खेल रहा है। उसने



ललित शर्मा
संपादक

अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप का नाम नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया है, लेकिन दूसरी तरफ ईरान को मुस्लिम भाईचारा भी दिखाना है। बहरहाल ईरान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को व्यावहारिक तौर पर खोखली और दंतहीन एजेंसी करार दिया है और न्याय, शांति मांगने उसी के दरबार में हाजिरी लगाई गई। बैठक के दौरान कूटनीति और आपसी संवाद के खूब बयान दिए गए और अमरीका, इजरायल को आरोपित किया गया कि वे सिर्फ हथियार और हत्याओं की भाषा ही जानते हैं। सुरक्षा परिषद को अमरीका की कठपुतली तक करार दिया गया। फिर सुरक्षा परिषद में शांति, स्थिरता, युद्धविराम के प्रस्ताव कैसे पारित हो सकते थे अमरीका ने ईरान के तीन प्रमुख परमाणु ठिकानों पर जो हमले किए, परमाणु कार्यक्रमों में जो विध्वंसक विस्फोट हुए होंगे, उनके मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की आपात बैठक बुलाई थी। यह एजेंसी भी संयुक्त राष्ट्र से संबद्ध है और 1957 से कार्यरत है। बैठक के इतर ईरान ने सवाल उठाए कि उसके परमाणु उपक्रम आईएईए की निगरानी में थे, फिर अमरीका हमला करने में कामयाब कैसे हो गया ईरान में मांग उठी है कि आईएईए के साथ सहयोग को सस्पेंड कर दिया जाना चाहिए। इसी तरह ईरान परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) से भी अलग होना चाहता है। इजरायल पर एनपीटी और आईएईए की कोई बाध्यता नहीं है और न ही वह हस्ताक्षरी देश है, लिहाजा उसकी परमाणु गतिविधियों और सुविधाओं पर संयुक्त राष्ट्र से संबद्ध किसी भी अंतरराष्ट्रीय संस्था का न तो कोई अंकुश है और न ही कोई निगरानी है। इजरायल परमाणु शक्ति सम्पन्न देश है और उसके पास 90 परमाणु बम बताए जाते रहे हैं। बहरहाल ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर अमरीका और इजरायल ने पहली बार हमले नहीं किए हैं। करीब 15 साल पहले उन्होंने नतांज परमाणु ठिकाने पर अत्यंत परिष्कृत साइबर हथियारों से हमला किया था। तब ईरान के करीब 20 फीसदी, करीब 5000 सेंट्रीफ्यूज, विस्फोट में मिट्टी-मलबा कर दिए गए थे, लेकिन ईरान ने उन्हें न केवल दोबारा बना लिया, बल्कि अधिक परिष्कृत उपकरण भी स्थापित किए। अमरीकी हमले से पहले, इसी माह, ईरान के पास करीब 19,000 सेंट्रीफ्यूज ऑपरेशनल थे। यानी ईरान परमाणु बम बनाने की प्रक्रिया में है। ये किसी के आरोप नहीं हैं, बल्कि आईएईए ने इन प्रक्रियाओं की पुष्टि की है। आईएईए ने कहा है कि अमरीकी हमले में नतांज और इस्फहान के अलावा फोर्डो के भूमिगत परमाणु कार्यक्रमों को भी महत्वपूर्ण नुकसान पहुंचा है। यूरेनियम संवर्धन संयंत्रों को कितना नुकसान पहुंचा है या वे बिल्कुल ही तबाह हो गए हैं, यह अभी नहीं कहा जा सकता। हमारे निरीक्षक वहां तक जाएंगे और निरीक्षण के बाद रपट देंगे कि हकीकत क्या है विकिरण हो रहा है अथवा नहीं इनके अलावा ईरान के पास जो 4400 किलो सवंर्धित यूरेनियम है, उसकी स्थिति क्या है, निरीक्षण के बाद ही तय हो सकेगी। इस्फहान परमाणु प्रौद्योगिकी एवं शोध केंद्र में तीन रिएक्टर काम कर रहे हैं।

## नशीली दवाओं के के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस - 26 जून, 2025

# नशीली दवाओं के खिलाफ महत्वाकांक्षी युद्ध का आह्वान



ललित गर्ग

नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस हर साल 26 जून को नशीली दवाओं मुक्त दुनिया को निर्मित करने के लक्ष्य को प्राप्त करने, कार्रवाई और सहयोग को मजबूत करने के लिए मनाया जाता है। इसका उद्देश्य गलत सूचनाओं का मुकाबला करना और नशीली दवाओं के बारे में तथ्यों को साझा करना है। साथ ही साक्ष्य आधारित रोकथाम, स्वास्थ्य जोखिमों और विश्व नशीली दवाओं की समस्या, उपचार और देखभाल से निपटने के लिए उपलब्ध समाधानों के बारे में जागरूकता पैदा करना है। अवैध ड्रग्स एवं तस्करी मानव के लिए बहुत बड़ी पीड़ा एवं संकट का स्रोत हैं। सबसे कमजोर लोग, खास तौर पर युवा लोग, इस संकट का खामियाजा भुगतते हैं। ड्रग्स का इस्तेमाल करने वाले और नशे की लत से जूझ रहे लोग अंधेरी दुनिया में भटकते हुए कई चुनौतियों का सामना कर रहे है। नशीली दवाओं एवं ड्रग्स के खुद के हानिकारक प्रभाव, उनके द्वारा झेला जाने वाला कलंक, स्वास्थ्य संकट और भेदभाव और अक्सर उनकी स्थिति के प्रति कठोर और अप्रभावी प्रतिक्रियाएं दुनिया को एक महासंकट में धकेल रही है। इसलिये नशे एवं नशीली दवाओं के बढ़ते प्रचलन एवं तस्करी को रोकने के लिये दुनिया को एकजुट होकर इस महत्वाकांक्षी युद्ध को सफल बनाना नितांत अपेक्षित है। हर साल संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ एवं अपराध कार्यालय



(यूएनओडीसी) वैश्विक जागरूकता अभियानों और नीति सिफारिशों का मार्गदर्शन करने के लिए एक थीम निर्धारित करता है। 2025 की थीम है- ह्यह्यजंजीरों को तोड़ना : सभी के लिए रोकथाम, उपचार और पुनर्प्राप्ति !ह्लह्ल यह नारा सामुदायिक समर्थन, स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच और नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी से निपटने में वैश्विक एकजुटता की आवश्यकता पर जोर देता है। यूएनओडीसी की विश्व मादक पदार्थ रिपोर्ट 2020 के अनुसार, वर्ष 2018 में वैश्विक स्तर पर 269 मिलियन लोगों ने मादक पदार्थों का उपयोग किया, जो वर्ष 2009 की तुलना में 30 प्रतिशत अधिक है; तथा अनुमान है कि 35 मिलियन लोग मादक पदार्थ उपयोग विकारों से पीड़ित हैं। यह दिवस न्याय, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और वैकल्पिक आजीविका सहित रोकथाम में निवेश का आह्वान करता है-जो टिकाऊ लचीलेपन के निर्माण के साथ उन्नत एवं स्वस्थ मानव जीवन का आधार हैं। दुनिया में सभी राष्ट्रों में राजनीति और ड्रग्स का चोली दामन का संबंध है, सभी देशों में बड़ी राजनीतिज्ञ पार्टियों की नशा माफिया एवं नशीले पदार्थों के तस्करों के साथ काफी मिलीभगत है और यही वजह है कि दुनिया ह्यनशीले पदार्थों की राजनीतिह्ल के युग से गुजर रही है। इसलिये भी यह समस्या उग्र से उग्रतर होती जा रही है। जिससे समय के साथ दुनिया में हेरोइन, अफीम, गांजा, चरस के अलावा अन्य नशों के साथ कैप्सूल और नशीली दवाइयों का चलन बढ़ने लगा है। नशीली दवाओं का दुरुपयोग और अवैध तस्करी वैश्विक स्तर पर चिंता का विषय बनी हुई है, जिससे लाखों व्यक्ति, परिवार और समाज प्रभावित हो रहे हैं। इसीलिये यह दिवस एक स्वस्थ और नशीली दवाओं से मुक्त समाज बनाने के लिए साक्ष्य-आधारित नीतियों, सामुदायिक सहभागिता और नुकसान कम करने की रणनीतियों के महत्व पर प्रकाश डालता है। पिछले वर्ष विश्वभर में 15-64 वर्ष की आयु के 300 मिलियन से अधिक लोगों ने नशीले पदार्थों का उपयोग किया है। मादक द्रव्यों के सेवन संबंधी विकार से पीड़ित 8 में से 1 व्यक्ति को उपचार मिल पाता है, जिससे बेहतर स्वास्थ्य सेवा पहुंच की तत्काल आवश्यकता उजागर होती है। वैश्विक नशीली दवाओं का व्यापार प्रतिवर्ष 400 बिलियन डॉलर से अधिक उत्पन्न करता है, जिससे संगठित अपराध, भ्रष्टाचार और हिंसा को बढ़ावा मिलता है। इस बड़े संकट की रोकथाम की आवश्यकता को महसूस करते हुए ही संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 7 दिसंबर, 1987 को संकल्प 42/112 के माध्यम से आधिकारिक तौर पर इस दिवस को स्थापित किया। इसका लक्ष्य नशीली दवाओं से संबंधित समस्याओं से निपटने में वैश्विक सहयोग को मजबूत करना और दंडात्मक उपायों के बजाय सार्वजनिक स्वास्थ्य-आधारित प्रतिक्रियाओं को बढ़ावा देना है। नशीली दवाओं का दुरुपयोग शरीर में लगभग हर प्रणाली को प्रभावित करता है, जिससे गंभीर अल्पकालिक और दीर्घकालिक परिणाम सामने आते हैं। मादक द्रव्यों के सेवन से दीर्घकालिक स्वास्थ्य स्थितियाँ पैदा होती हैं, जिसमें ओपिओइड, मेथ और सिंथेटिक ड्रग्स सबसे ज्यादा मृत्यु दर और दीर्घकालिक अंग क्षति का कारण बनते हैं। इसके अलावा, नशीली दवाओं के दुरुपयोग के मानसिक स्वास्थ्य परिणाम उपयोगकर्ता से परे तक फैल जाते हैं, जिससे अक्सर परिवार टूट जाते हैं, रोजगार छिन जाता है और अपराध दर बढ़ जाती है।

भारत में नशीली दवाओं का दुरुपयोग एक बढ़ता हुआ संकट है, जो भौगोलिक रूप से कमजोर, बढ़ती उपलब्धता और कम उम्र में इसकी शुरूआत से प्रेरित है। यह समस्या सभी आयु समूहों में फैली हुई है।

## कमलेश झा भागलपुर बिहार

## अब कर गए पैंतालीस पर

### कविता



वक़्त की रफ्तार भी अब लगती है थोड़ी धीमी।
कल की बातें आज की यादें दिखती है झीनी झीनी।।
कभी हँसी में छुपे दर्द को ओढ़ा,
तो कभी आँसूओं में भी सुकून को खोजा।
कभी रिश्तों ने मन को जलाया,
तो कभी एक मुस्कान ने मन को हर्षाया।।
बचपन तो कहीं पीछे छूट गया,युवावस्था ने भी धीरे-धीरे बाय-बाय कह दिया।
अब तो जिम्मेदारियों की गठरी है सिर पर,सपनों का झोला लिए चल रहे हैं जीवन के इस सफर पर।
बचपन की गलियों से जवानी के हर मोड ।
अनुभव का रहा दौड़, कभी मुस्कान, कभी अपमान का लगा होड।।

कभी अपनों से छला गया और मिला ठोकर।
तो कभी परायों का सहारा मिला और चलता रहा सफर ।।

कुछ सपने हकीकत बन पाए, कुछ आँखों में ही रहकर मुस्कराए।

कुछ सपनों के पीछे दौड़ लगाए, कुछ भ्रम बनकर हमको भरमाए।।

सीखा कि सफलता सिर्फ मंज़िल नहीं होती,रास्ते के काँटे भी कुछ सिखा जाते हैं।
और कभी-कभी हार भी,अंदर से जीतने का जज्बा जगा जाते हैं।।

कभी रिश्ते निभाए दिल से, तो कहीं चुप रह जाना ही थी बुद्धिमानी ।
सीखा ॐ हर बात पर लड़ना जरूरी नहीं,
कभी चुप्पी भी एक सच्ची थी कहानी ।।

पिता बने तो समझा जिम्मेदारी ,माँ पिता का दर्द और त्याग क्या होता है।
बच्चों की मुस्कान में अब खुद को देखता हूँ, और उनके सपनों के लिए हर साँस जीता हूँ।।
यारों की महफि लें अब मोबाइल तक सीमित हैं,पर यादें अब भी दिल में बसी हैं।
किसी शाम की चाय पर जब कोई पुराना किस्सा आता है,तो आँखें भीग जाती हैं,
पर होंठ मुस्कुराते हैं।।
कभी सबकुछ होकर भी हम रह गए खाली हाथ।
तो कभी अकेलेपन में भी ढूंढा खुशियाँ की सौगात।

अब कर गए पैंतालीस पर, पर मन तो अब भी माने न बात।

चाय की प्याली में भी अब, पूछ कर शक्कर डालने को करते बर्दाशत।।

अब दौलत नहीं, सुकून की तलाश ,अब दिखावे नहीं, खुद से ही बातों की प्यास।
अब समझ आया कुछ अपनों से थी जो आश,उसी को जोड़ने में निकला वो समय खास।।

यह उम्र न तो बूढ़ी है, न ही जवान, यह तो बस अनुभवों की एक मधुर उड़ान।
जहाँ पीछे मुड़ कर देख सकते हैं मुस्कुरा कर, और आगे चल सकते हैं मन में विश्वास लेकर।

# अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोंसेविनः !चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्या यशो बलम- बड़ों की सेवाकरने से उसकी आयु, विद्या, यश और बल ये चार चीजें हमेशा बढ़ती हैं।



गोंदिया

बड़े बुजुर्गों और हमारी पिछली पीढ़ियों से अक्सर हम सतयुग और कलयुग का नाम सुनते आ रहे हैं जिसे समझने के लिए हमें भारतीय कवि गीतकार प्रदीप के भजन देख तेरे संसार की हालत क्या हो गई भगवान कितना बदल गया इंसान और आज के इस इंसान को ये क्या हो गया इसका पुराना प्यार कहां पर खो गया, को सुनकर खासकर वर्तमान पीढ़ी के युवाओं को रेखांकित करना समय की मांग है। वैसे तो परिस्थितियों के अनुसार स्थितियां बदलती रहती है परंतु मेरा मानना है कि हमारे बड़े बुजुर्गों के प्रति सोच में बदलाव को सभी ने एक साथ मिलकर रोकना होगा क्योंकि हमारे बड़े बुजुर्ग कुल और वंश का एक प्रतिष्ठित और पूज्य व्यक्तित्व हैं। वह हमारी धरोहर हैं, इन्हें भौतिक सुख सुविधाओं से अधिक अपनों के साथ की जरूरत होती है। हमारे युवाओं को यह समझना होगा कि हमारे बड़े बुजुर्ग वह पेड़ है जो थोड़े कड़वे हो सकते हैं लेकिन इनके फल बहुत मीठे होते हैं, इसके दो कदम आगे इनकी छांव का कोई मुकाबला नहीं हो सकता।

साथियों बात अगर हम हमारे बड़े बुजुर्ग रूपी धरोहर को सुरक्षित रखने की करें तो हम सबको मिलकर इस दिशा में सकारात्मक कदम उठाने होंगे हमारी सोच को इनके प्रति सकारात्मक बनाए रखना होगा पाश्चात्य और नए जमाने की सोच को विराम देना होगा क्योंकि सांस्कृतिक श्लोकों में भी आया है, अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोंसेविनः !चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्या यशो बलम !!अर्थात जो बुजुर्ग वृद्धजनों विनम्र और नित्य अनुभवी लोगों की सेवा करते हैं उनकी चार चीजें हमेशा बढ़ती रहती हैं -आयु विद्या यश और बल !पर अफसोस इस बात का है कि यह चारों चीजें सभी को चाहिए लेकिन!! वृद्ध जनों बुजुर्गों अनुभवी सम्मानित लोगों की सेवा कोई नहीं करना चाहता है !साथियों हाल ही में, बुजुर्गों के लिए कार्यरत स्वयंसेवी संस्था हेल्पएज इंडिया द्वारा 4.5 हजार लोगों पर किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार जो प्रमुख तथ्य सामने आए वे इस प्रकार हैं:-सर्वेक्षण के मुताबिक देश के 19 शहरों में बुजुर्गों की स्थिति सबसे ज्यादा चिंताजनक है। उनमें मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर प्रमुख हैं। बुजुर्गों को प्रश्नावली भरने को दी गई थी, उसमें लगभग 44 फीसदी लोगों ने यह स्वीकारा कि सार्वजनिक स्थलों पर उनके साथ बुरा व्यवहार किया जाता है।देश के 53 फीसदी बुजुर्ग ऐसा मानते हैं कि समाज में उनके साथ भेदभाव किया जाता है।सार्वजनिक स्थलों पर किसी बात की जानकारी मांगने पर 64 फीसदी लोग





उनके साथ बुरे लहजे में बात करते हैं।सार्वजनिक स्थलों की लाइन में आगे खड़े होने पर 12 फीसदी बुजुर्गों को आसपास मौजूद लोगों की उग्र प्रतिक्रिया देनी पड़ती है। सर्वेक्षण की रिपोर्ट के मुताबिक मेंटिनेस एंड वेलफेयर ऑफ सीनियर सिटीजन एक्ट पर सही ढंग से अमल नहीं हो रहा। साथियों बात अगर हम बड़े बुजुर्गों के महत्व की करें तो, इंसान सब कुछ भूल सकता है, लेकिन अपने पूर्वज नहीं। इनके बिना हमारा इतिहास बिल्कुल बेकार है और इतिहास बोध से कटे हुए समाज जड़ों से टूटे हुए पेड़ के समान होते हैं। जिस घर के अंदर बड़े बुजुर्गों का आदर और सम्मान नहीं किया जाता उस परिवार में सुख, समृद्धि, संतुष्टि और स्वाभिमान कभी नहीं आ सकता। बुजुर्ग हमारा स्वाभिमान होते हैं। बुजुर्ग हमारी धरोहर है। उन्हें सहेजने की जरूरत होती है। अगर हम परिवार में स्थाई रूप से सुख-शांति और समृद्धि पाना चाहते हैं, तो परिवार में बुजुर्गों का सम्मान अवश्य करें। हम सब कुछ बदल सकते हैं, लेकिन पूर्वज नहीं। हम उन्हें छोड़कर इतिहास बोध से कट जाते है। हमारे बड़े बुजुर्ग हमारे धरोहर है इन्हें सहेज कर रखना सम्मानीत करते रहना से हमें हर पल कुछ ना कुछ सीखने का मिलता है लंबी उम्र गुजार चुके इन बुजुर्गों के अनुभव का लाभ मिलता है यही नहीं किसी भी आपदा के समय किस प्रकार से धैर्य के साथ काम करना है उस दौरान हमें इनके अनुभवों का लाभ मिलता है। साथियों बात अगर हम वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए ढलती उम्र में प्रवेश करने वाले सभी मनीषियों को अपने भविष्य की आर्थिक सुरक्षा के बारे में शुरू से ही तैयारी करनी चाहिए, ताकि रिटायरमेंट के बाद व्यक्ति अपनी जरूरतें खुद पूरी कर सके शुरू से ही अपने सामाजिक संबंधों को बेहतर बनाने की कोशिश करनी चाहिए।

# चारागाह की भूमि पर दबंगों ने अवैध कब्जा कर बना रखा था भाया जी फार्म हाऊस आरटीआई ने खोली पोल- राजा भईया ने डीएम, एसपी को कराई शिकायतें दर्ज

(सवाई माधोपुर) जिले की सवाई माधोपुर शहरी तहसील की पंचायत मथुरा पुरा आटून के पच्चीपुला गांव में पिछले तीन चार सालों से कुछ दबंगों ने सरकारी चारागाह की भूमि पर अवैध कब्जा करके लगभग पैंतीस फीट लम्बा और तीस फीट चौड़ा भाया जी फार्म हाऊस के नाम से एक फार्म हाऊस बनाने और चलाने का मामला सामने आया है जिसे दबंगों द्वारा अपने निजी फायदे और मुनाफे के लिए इस्तेमाल किया जाता था निःसंदेह यह अवैध फार्म हाऊस संबंधित सरकारी अधिकारियों की मिली भगत से ही यहां अवैध रूप से चलाया जा रहा था,पिछले कई वर्षों में यह फॉर्म हाउस आस पास के क्षेत्रों में काफी चर्चित भी हो गया था, लेकिन हिन्दुस्तान शिवसेना के राष्ट्रीय प्रमुख और दिल्ली हाई कोर्ट के एडवोकेट राजेन्द्रसिह सिंह तोमर राजा भईया ने एक आरटीआई लगा कर इस पूरे गोलमाल की पोल खोल दी है, राजा भईया ने आज पत्रकारों को इस बाबत प्रेस नोट एवं आरटीआई जवाब की तथा अपनी ओर से सवाई माधोपुर के जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, एसडीएम, थाना प्रभारी थाना मान टाऊन को दी गई शिकायतों की प्रतियां देते हुए बताया कि उन्हें उपरोक्त ग्राम के ही किसी व्यक्ति ने सरकारी भूमि पर इस अवैध कब्जे के बारे में बताया था जिसको पुख्ता करने के लिऐ उन्होंने तहसीलदार सवाई माधोपुर के समक्ष एक आरटीआई आवेदन लगा सूचनाऐं एकत्र की, जिसमें तहसीलदार ने उन्हें हल्का पटवारी आटून कलां की ओर से बिंदुबार दी गई जानकारी के अनुसार सूचना देते हुए बताया कि उपरोक्त गांव पच्चीपुला में पिछले तीन चार वर्ष पुराना यह भाया जी फार्म हाऊस खसरा नंबर 708 के अनुसार गै.मु.चारागाह की सरकारी भूमि पर दबंगों ने अवैध कब्जा कर बनाया हुआ है जिसकी लंबाई चौड़ाई 35 30 फीट लगभग है, राजा भईया ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह अवैध कब्जा संबंधित जिम्मेवार सरकारी अधिकारियों की मिली भगत से ही दबंगों द्वारा किया गया है वर्ना तीन चार वर्षों से आज तक इस अवैध निर्माण को समय रहते क्यों नहीं तोडा गया और आखिर क्यों सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करा कर कानूनी कार्यवाही नहीं कराई गई, इन सभी तथ्यों एवं आरटीआई से प्राप्त सूचना की प्रतियों के साथ आज राजा भईया ने एक जागरूक नागरिक का फर्ज निभाते हुए उपरोक्त सभी अधिकारियों को लिखित शिकायतें भेज कर सभी दोषियों और संबंधित जिम्मेवार सरकारी अधिकारियों के विरुद्ध भी नियमानुसार विभागीय एवं कानूनी कार्यवाही करने व एफआईआर दर्ज कराने और तत्काल इस अवैध फार्म हाऊस को ध्वस्त कर सरकारी चारागाह भूमि मुक्त कराने की मांग की है अन्यथा उन्होंने इस पूरे प्रकरण को राजस्थान उच्च न्यायालय में ले जाने की चेतावनी भी दी है अब देखना होगा कि कब तक और किस किस पर कार्यवाही होती है ।



जारीकर्ता राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया एडवोकेट दिल्ली हाई कोर्ट एवं राष्ट्रीय प्रमुख हिन्दुस्तान शिवसेना मो न-9811371054=9818951279,

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# धूमधाम से सम्पन्न हुआ गो. चतुर्वेदी मनहरलाल शास्त्री महाराज का 21 वां तिरोभाव महोत्सव

(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)



**वृन्दावन।** छटीकरा रोड़ स्थित प्रियाकांत जू मन्दिर के सभागार में अध्यात्म गौसेवा मिशन ट्रस्ट (रजि.) के द्वारा परम-भागवत गो. चतुर्वेदी मनहरलाल शास्त्री महाराज का 21 वां तिरोभाव महोत्सव श्रीविभूषित जगद्गुरु श्रीमद्विष्णुस्वामी वल्लभाचार्य महाप्रभु संप्रदाय वैष्णवाचार्य मोटा मन्दिर, गादीपति सौमयाजी षष्ठपीठाधीश्वर गोस्वामी वल्लभराय महाराज के पावन सानिध्य में अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ।सर्वप्रथम गो. चतुर्वेदी मनहरलाल शास्त्री महाराज के चित्रपट के समक्ष वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य दीप प्रज्वलित किया।तत्पश्चात मंगलाचरण के साथ वृहद संत-विद्वत सम्मेलन प्रारम्भ हुआ।जिसकी अध्यक्षता करते हुए षष्ठपीठाधीश्वर गोस्वामी वल्लभराय महाराज ने कहा कि गो. चतुर्वेदी मनहरलाल शास्त्री महाराज वेद, पुराण, उपनिषद व शास्त्र आदि समस्त धर्म ग्रंथों के प्रकांड विद्वान थे।उन्होंने अपने संप्रदाय के उन्नयन व संवर्धन के लिए अनेकों कार्य किए।जिसके लिए वे सदैव याद किए जाएंगे। पीपाद्वाराचार्य श्रीमज्जगद्गुरु बाबा बलराम दास देवाचार्य महाराज व जगद्गुरु विजयराम देवाचार्य भैयाजी महाराज (बल्लभगढ़ वाले) ने कहा कि गो. चतुर्वेदी मनहरलाल शास्त्री महाराज अत्यंत सहज, सरल, उदार व्यक्तित्व के थे।इसीलिए सभी संप्रदायों के विद्वान उनका आदर करते थे। पुष्टि मार्ग संप्रदाय के परम-विद्वान बसंत लाल महाराज व पूर्व प्राचार्य डॉ. रामकृपालु त्रिपाठी ने कहा कि गो. चतुर्वेदी मनहरलाल शास्त्री महाराज की ठाकुर श्रीराधा-कृष्ण और यमुना महारानी के प्रति अपार निष्ठा थी।वे नित्य इनकी उपासना करते थे। महोत्सव के संयोजक गौभक्त पंकज शास्त्री महाराज एवं भागवताचार्य श्रीहरि वर्षा कौशल ने कहा कि हमारे शिक्षा गुरु गो. चतुर्वेदी मनहरलाल शास्त्री महाराज अपने समस्त शिष्यों की एक माता की भांति देखभाल करते थे।उनके द्वारा वेद अध्ययन करने वाले सैकड़ों शिष्य आज विश्वभर में सनातन धर्म की पताका पहरा रहे हैं। सन्त-विद्वत सम्मेलन में महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. आदित्यानन्द गिरि महाराज, गोवर्धन के विधायक पूरन प्रकाश, प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, प्रमुख समाजसेवी पण्डित बिहारीलाल वशिष्ठ, भागवताचार्य मारुतिनन्दन वागीश महाराज, आचार्य नेत्रपाल शास्त्री, आचार्य बद्रीश महाराज, डॉ. अशोक शास्त्री, लालजी शास्त्री, स्वामी सत्यमित्रानंद महाराज, आचार्य विपिन बापू, श्रीराम कथा मर्मज्ञ अशोक व्यास, सौरभ गौड़, ठाकुर महेंद्र प्रताप सिंह (एडवोकेट), पण्डित योगेश द्विवेदी, संत रामदास महाराज, दिनेश शर्मा फलाहारी, श्रीमती प्रतिभा शर्मा, श्रीमती विनीता द्विवेदी, श्रीमती जमुना शर्मा, डॉ. राधाकांत शर्मा, पण्डित ईश्वरचन्द्र रावत, श्रीधराचार्य महाराज आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# फेबल्स की संस्थापक अंशु खन्ना और वरुण खन्ना के साथ पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां

वेलकम इंडिया गुलजार आलम



**रामपुर।** रॉयल फेबल्स की संस्थापक अंशु खन्ना ने कहा कि रामपुर की समृद्ध संस्कृति, साहित्य, संगीत, दस्तरख्वान और कला बेमिसाल है। अंतिम शासक के पौत्र नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां द्वारा विरासत को बरकरार रखना काबिले तारीफ है।

मंगलवार को अंशु खन्ना और वरुण खन्ना का नूर महल पहुंचने पर पूर्व मंत्री नवेद मियां ने स्वागत किया। अंशु खन्ना ने इमामबाड़ा खासबाग समेत कई धरोहरें देखीं और इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के रामपुर चैप्टर चेयरमैन श्रीश गुप्ता से मुलाकात की। दोनों के बीच रामपुर की कला और संस्कृति को लेकर चर्चा हुई।

पूर्व मंत्री नवेद मियां के पीआरओ काशिफ खां ने बताया कि रॉयल फेबल्स की संस्थापक अंशु खन्ना को राष्ट्रपति अंशू खन्ना को नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित कर चुके हैं। वो भारतीय राजघरानों की विरासत और परम्परा को पुर्नजीवित और संरक्षित करने का कार्य कर रही हैं। अंशु खन्ना निफ्ट दिल्ली में विजिटिंग फैकल्टी भी हैं। उन्होंने बताया कि देश झविदेश में रॉयल फेबल्स ने कई सफल शो किए हैं। रॉयल फेबल्स द्वारा रामपुर रियासत के शाही दास्तरख्वान, जयपुर की राजकुमारी दीया कुमारी द्वारा विकसित पैलेस एटलियर संग्रह, जम्मू और कश्मीर की राजकुमारी ज्योत्सना सिंह द्वारा बनाई गई मीनाकारी कला, किशनगढ़ की राजकुमारी वैष्णवी कुमारी द्वारा बनाई गई लघु कला, बड़ौदा की महारानी राधिकाराजे गायकवाड़ द्वारा महाराजा फतेह सिंह संग्रहालय में विकसित राजा रवि वर्मा लिथोग्राफ तथा पन्ना की राजकुमारी कृष्णा कुमारी द्वारा बनाई गई वन्य जीवन चित्रकला आदि को देश और दुनिया के लोगों तक पहुंचाने का कार्य किया है।

# प्रदीप शर्मा पुनः विश्व हिंदू महासंघ के मुरादाबाद मंडल प्रभारी मनोनीत



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**बिजनौर :** विश्व हिंदू महासंघ द्वारा प्रदीप शर्मा को मुरादाबाद मंडल प्रभारी मनोनीत किया गया। विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति की संतुति पर प्रदीप शर्मा को मुरादाबाद मंडल प्रभारी नियुक्त किया गया है। आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आप सदैव हिंदू स्वाभिमान के जननायक योगी आदित्यनाथ जी महाराज के आदर्श, गौ माता की सेवा, जीव दया, समाज सेवा, समाज में फैल रहे ऊंच नीच जैसे कुचक्र से समाज को जागरूक कर संगठित करने जैसे कार्यों में आप संगठन तथा समाज में अपनी अग्रणी भूमिका निभाएंगे। प्रदीप शर्मा ने अपने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। प्रदीप शर्मा के विश्व हिंदू महासंघ मुरादाबाद मंडल प्रभारी बनने पर उनके समर्थकों मे खुशी की लहर दौड़ गई और बधाई देने वालों को तांता लग गया।

# अखिल भारतीय गुर्जर महासभा ने विश्व रिकॉर्ड बनाकर देश का नाम रोशन करने वाले स्वर्ण पदक विजेता महेंद्र गुर्जर का किया सम्मान

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**बिजनौर।** अखिल भारतीय गुर्जर महासभा (स्थापित-1908) के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ० मनोज कटारिया ने जानकारी देते हुए बताया कि संगठन के पदाधिकारियों ने अन्तरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बच्चू सिंह बैंसला एवं राष्ट्रीय प्रमुख महामंत्री सुधीर बैंसला के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख भाई मांडविया तथा खेल राज्य मंत्री एवं महासभा महिला ईकाई की राष्ट्रीय संरक्षक व प्रभारी रक्षा खड़से से राजस्थान के दूदू निवासी एवं स्विट्जरलैंड में नॉटविल विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रांड प्री में पुरुषों की भाला फेंक एफ 42 श्रेणी में 61.17 मीटर के प्रयास से विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक विजेता महेन्द्र गुर्जर एवं उनके कोच समरजीत मल्ली की मुलाकात हुई और साथ ही भारत सरकार के दोनों मंत्रियों से राष्ट्रीय प्रमुख महामंत्री सुधीर बैंसला, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बच्चू सिंह बैंसला, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डीएन सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं प्रचार मंत्री डॉ० मनोज कटारिया और राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य विवेक बैंसला आदि राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने समाज से जुड़े सामाजिक मुद्दो एवं खेल के क्षेत्र में गुर्जर समुदाय की भागीदारी बढ़ाने के लिए विस्तार से चर्चा की। राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने दोनों केन्द्रीय मंत्रियों से मुलाकात कराकर विश्व स्वर्ण पदक विजेता महेन्द्र गुर्जर एवं उनके कोच समरजीत मल्ली की समस्याओं का निस्तारण करवाया। इस अवसर पर राष्ट्रीय युवा महामंत्री दीपक बैंसला, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह नागर, प्रदेश मंत्री अमरजीत चौधरी एवं नोएडा महानगर अध्यक्ष सुशील अवाना आदि उपस्थित रहें।

# थाना मिलक गश्त चैकिंग के दौरान चोरी की मोटर साइकिल के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

**रामपुर।** थाना मिलक, रामपुर पुलिस द्वारा दौराने चैकिंग गश्त 1. विपिन पुत्र अतवीर सिंह 2. प्रिंयाशु पुत्र राजेश सिंह निवासी गण ग्राम भौनकपुर थाना मिलक जनपद रामपुर को चोरी की एक अदद मोटर साईकिल बिना नम्बर प्लेट के मिलक बाईपास से भैसोडी शरीफ को जाने वाले सडक पर स्थित नर्सरी के पास से गिरफ्तार किया गया ।गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना मिलक पर मु0अ0सं0-245/2025 धारा 35/106 इठरर व 317(2)/317(5) इठर 2023 पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी ।

# मंगलवार को एसडीएम आशुतोष राम प्यारे जैयसवाल को सौंपे गये मांग पत्र

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**जनपद बिजनौर नगीना।** तहसील क्षेत्र की ग्राम सभा शरीफ उर्फ मलकपुर के ग्राम काजीवाला निवासी वरिष्ठ नागरिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता चौधरी चरण सिंह द्वारा मंगलवार को एसडीएम आशुतोष राम प्यारे जैयसवाल को सौंपे गये मांग पत्र में कहा गया है कि ग्राम उपरोक्त ग्राम सभा के मौहल्ला हसनअलीपुर मथुरा में खलिहान की सरकारी भूमि पर चारों ओर से कुछ किसानों द्वारा कब्जा कर लिया गया है मामले की शिकायत जिलाधिकारी से करने पर कानूनगो व लेखपाल द्वारा भूमि की नाप कर निशान लगा दिये गये थे और कब्जा हटवाकर ग्राम प्रधान को मनरेगा द्वारा तारबाड कर हदबंदी करने के आदेश दिये गये थे लेकिन ग्राम प्रधान द्वारा राजनीतिक लाभ लेने के उद्देश्य से आदेश की अवहेलना कर उक्त सरकारी भूमि की तारबाड कर हदबंदी नहीं कराई गई परिणाम स्वरूप किसानों ने भूमि पर पुनः कब्जा कर लिया है मांग पत्र में खलिहान की सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है।

# बिना नीलामी के विधुत मीटर का समान बेच रहे कर्मचारियों एसडीओ ने पकड़ा



वेलकम इंडिया महमूद रजा

जनपद बिजनौर प्राप्त जानकारी के अनुसार नजीबाबाद के 132 के वी आदर्श नगर पर मीटर रीडर व मीटर बदलने वाले कर्मचारियों ने मीटर का टूटा हुआ प्लास्टिक कबाड़ी को बुलाकर 40 रु प्रति किलो के हिसाब से तय कर लिया । तथा चार बोरो मे भर लिया जिसका वजन लगभग 4 कुंटल हुआ इस संबंध मे जब एसडीओ मीटर से बात की तो एसडीओ मीटर ने अनभिज्ञता बताते हुए ।

जो मीटर का समान बेच रहे थे। एसडीओ मीटर को देखकर मीटर का समान बेचने वाले बगले झाकने लगे ।

# थाना भोट परिसर मे आगामी त्योहार मोहर्रम शांतिपुर ढंग से मनाने की अपील की गई



वेलकम इंडिया गुलजार आलम

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर के निर्देशन में उपजिलाधिकारी सदर/क्षेत्राधिकारी बिलासपुर द्वारा थाना भोट परिसर में आगामी त्यौहार मुहर्रम के दृष्टिगत ताजियेदार/पीस कमेटी/सम्भ्रान्त व्यक्तियो/ग्राम प्रधानो की बैठक आयोजित कर शान्तिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील की गई तथा उच्चाधिकारियो के आदेश निदेशी से अवगत कराकर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये बैठक के मुख्य बिंदुः साम्प्रदायिक सौहार्द एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने पर जोर सभी समुदायों से अपील की गई कि वे आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखें सोशल मीडिया पर भ्रामक व भड़काऊ पोस्ट से बचने की सलाह दी गई नागरिकों से प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई ताजियो की ऊंचाई निर्धारित मानक के अनुसार रखने की अपील की गई किसी भी समस्या या आपात स्थिति में सम्बन्धित विभागीय अधिकारी को सूचित करने हेतु बताया गया ।

# हरजीत सिंह पीजी इन हेल्थ एंड हॉस्पिटल मैनेजमेंट परीक्षा ग्रेड ए से उत्तीर्ण की

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**नूरपुर :** राजा का ताजपुर पिछले कई वर्षों से शिक्षा एवं स्वास्थ्य क्षेत्रों में सेवाएं देते हुए स्थानीय सरदार हरजीत सिंह सुपुत्र डॉ. संतोष सिंह ने देश के शीर्ष सैन्य चिकित्सा केन्द्रों में से एक आर्मी हॉस्पिटल रिसर्च एंड रेफरल, नई दिल्ली से पीजी इन हेल्थ एंड हॉस्पिटल मैनेजमेंट परीक्षा ग्रेड ए से उत्तीर्ण की। आपने यह प्रशिक्षण कर्नल समीर मेहरोत्रा (विभागाध्यक्ष-हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, आर्मी हॉस्पिटल), ग्रुप कैप्टन डॉ. राजकुमार, प्रोफेसर टी. के.जेना एवं डॉ. बिपलब जमातिया (एमबीबीएस,एमडी ,एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष- स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेज, इग्नू) के मार्गदर्शन में प्राप्त किया। साथ ही डॉ. आशीष के. गुप्ता (एमबीबीएस,एमएस एवं नेशनल असेसर एन. क्यू.ए.एस. एवं एन.ए.बी.एच) के मार्गदर्शन में अकादमी ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, नोएडा से एन.क्यू.ए.एस. का सफल प्रशिक्षण प्राप्त कर जिला बिजनौर का नाम रोशन किया। ज्ञात हो कि आपने पिछले कई वर्षों में बिजनौर के कई प्रतिष्ठित शिक्षण एवं स्वास्थ्य संस्थानों में बतौर प्रोफेसर, डिप्टी मैनेजर एवं प्रशासनिक निदेशक पदों पर सेवाएं दी हैं।

# डीएम ने कानून व्यवस्था को सुद्दण बनाये रखने एवं अभियोजन कार्यों, नार्को कोआर्डिनेशन सेन्टर मैकेनिज्म समिति की ली बैठक

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार




**हाथरस।** जनपद में कानून व्यवस्था को सुद्दण बनाये रखने एवं अभियोजन कार्यों, नार्को कोआर्डिनेशन सेन्टर मैकेनिज्म समिति के साथ कलेक्ट्रेट सभागर में बैठक करते हुए जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय ने अभियोजन अधिकारियों को आपराधिक मामलों में संलिप्त दोषियों को कडी से कडी सजा दिलाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने आबकारी अधिकारी को जनपद में संचालित मदिरा की दुकानों का संचालन विभागीय नियमों के अनुरूप कराने के निर्देश दिए। सुनिश्चित करें कि मदिरा की दुकानें निर्धारित समयावधि में संचालित की जाये। नियमों का पालन न करने वाले अनुज्ञापियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को नशा मुक्ति के संबंध में स्कूलों में जागरूकता अभियान चलाये जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि शिक्षण संस्थानों के आसपास किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थों की बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित होनी चाहिए। इसके लिए संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ निगरानी रखने और आवश्यकतानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। समाज कल्याण अधिकारी को शासन से प्राप्त निदेर्शों के क्रम में जिला चिकित्सालय परिसर में मुख्य चिकित्साधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए नशा मुक्ति केन्द्र की स्थापना कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन आम जनता की सुरक्षा और स्वास्थ्य के प्रति पूर्णतः संवेदनशील है और किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी ने विभिन्न धाराओं के तहत लम्बित मामलों तथा गुण्डा एक्ट, महिला अपराधों के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए अभियोजन अधिकारियो को गम्भीर मामलों एवं पोक्सो के पुराने लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर चयन करते हुए निस्तारण करने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# दढ़ियाल में कब्जामुक्त कराई गई सरकारी जमीन पर बनेगी नई पुलिस चौकी

वेलकम इंडिया



**टाण्डा(रामपुर)** कस्बा दढ़ियाल में मुख्य मार्ग पर जल्द ही एक नई पुलिस चौकी बनने जा रही है, जो क्षेत्रवासियों को शिकायत दर्ज कराने के लिहाज से उपयुक्त साबित होगी। मंगलवार को प्रशासन ने पीडब्ल्यूडी की जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त करा लिया। अब इस जगह पर नई पुलिस चौकी का निर्माण होगा, जो क्षेत्र की सुरक्षा और सुविधा को बढ़ावा देगी। गौरतलब है कि जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह के निर्देश पर सम्पूर्ण जनपद में सरकारी जमीनों को अबैध कब्जे से मुक्त कराकर उन्हें जनता के हित में उपयोग किया जा रहा है।इसी क्रम में मंगलवार को कस्बा दढ़ियाल के मोहल्ला फत्तावाला में पीडब्ल्यूडी की आराजी गाटा संख्या 998 रकबा 150 वर्ग मीटर आराजी को कब्जामुक्त कराया गया।तहसील प्रशासन के अनुसार उक्त भूमि पर जयप्रकाश पुत्र झब्बन सिंह ने ईंटों की दीवार बनाकर अवैध कब्जा कर लिया था। इस कब्जे की वजह से सरकारी जमीन का सार्वजनिक उपयोग नहीं हो पा रहा था।अब कब्जामुक्त कराई गई जमीन पर नई पुलिस चौकी का निर्माण कराया जाएगा।एसडीएम कुमार गौरव ने बताया कि पुरानी पुलिस चौकी कस्बे के अंदर होने की वजह से लोगों को अपनी शिकायतें दर्ज कराने में परेशानी होती थी। खासकर, टांडा-बाजपुर मार्ग पर आने-जाने वाले राहगीरों और पर्यटकों के लिए यह असुविधा और बढ़ जाती थी। जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह के निर्देश पर मंगलवार को अभियान चलाकर उपजिलाधिकारी कुमार गौरव और सीओ कीर्ति निधि आनंद की अगुवाई में जेसीबी मशीन की मदद से अवैध दीवार को ढहा दिया गया। इस कार्रवाई में तहसीलदार निश्चय कुमार, कोतवाल प्रदीप कुमार, चौकी प्रभारी प्रशांत कुमार, नगर पंचायत लिपिक कृष्ण कुमार और पुलिस बल मौजूद रहा। एसडीएम कुमार गौरव ने बताया कि कब्जामुक्त कराई गई इस जमीन पर अब एक आधुनिक पुलिस चौकी बनाई जाएगी। यह चौकी टांडा-बाजपुर मुख्य मार्ग पर सद्भावना कल्याण मण्डप के रास्ते पर होगी, जिससे यह आसानी से सभी के लिए सुलभ रहेगी। नई चौकी बनने से न सिर्फ स्थानीय लोगों को अपनी शिकायतें दर्ज कराने में आसानी होगी, बल्कि पर्यटकों और राहगीरों को भी तुरंत मदद मिल सकेगी। यह मार्ग पर्यटन के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह जिम कॉर्बेट और नैनीताल जैसे स्थानों को जोड़ता है। नई चौकी के बनने से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत होगी।

# साधु भेष धारी बुजुर्ग महिला की हत्या, साथ में ही रहने वाले बुजुर्ग पर जताई गई आशंका

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार



**हाथरस।** जंक्शन कोतवाली क्षेत्र के कस्बा मेंडू के पास भैरव मंदिर के निकट एक वारदात सामने आई है। सड़क किनारे झोपड़ी में रह रही साधु रुपी 65 वर्षीय रेखा देवी की हत्या कर दी गई। इस घटना का हत्या आरोपी कोई और नहीं बल्कि साथ में रहने वाला ही एक बुजुर्ग ही बताया जा रहा है।

पुलिस ने शवको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वही एक तरफ फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर घटना से जुड़े साक्ष्य जुटाए। मृतक रेखा देवी एक साधुवेशधारी बुजुर्ग के साथ करीब 5 साल से इस झोपड़ी में रह रही थीं। सब कुछ अच्छा चल रहा था। दोनों भीख मांगकर और कबाड़ा बीनकर अपना जीवन यापन मिलजुल कर व्यतीत कर रहे थे। मंगलवार की सुबह कुछ लोगों ने झोपड़ी के बाहर रेखा देवी का शव लहूलुहान अवस्था में देखा। तो लोगों में हलचल पैदा हो गई। महिला के सिर और पेट पर गंभीर चोट के निशान थे। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को जांच में पता चला कि रेखा देवी के साथ रहने वाला बुजुर्ग व्यक्ति मौके से फरार हो गया है। पुलिस के अनुसार, साथ रहने वाले बुजुर्ग ने ही रेखा देवी के सिर पर डंडा मारकर उनकी हत्या की है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपी की तलाश में जुटी है। इस अचानक हुई घटना से क्षेत्र में माहौल गमगीन हो गया है।

# फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी पर बरसे लात-घूंसे, वीडियो वायरल, पुलिस कर रही जांच




वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार

**हाथरस।** शहर के सादाबाद गेट स्थित सिटी प्लाजा में फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से जमकर विवाद होने के मामले ने सुर्खियों का माहौल बना दिया। कुछ दबंग लोगों ने कर्मचारी पर लात-घूंसे बरसाए।इस घटना से मार्केट में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है।जिसकी वीडियो सोशलमीडिया पर वायरल हुई। हालांकि इस मामले में पुलिस जांच में लग गई। हाथरस के लहरा गांव का रहने वाला युवक कुबैद राज इस फाइनेंस कंपनी की ब्रांच में काम करता है। वह कलेक्शन का काम करता है। कुछ युवक ऑफिस में पहुंचे और कर्मचारी से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान आरोपियों ने गाली-गलौज भी की। हमलावर कर्मचारी को धमकी देकर फरार हो गए। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।पीड़ित कर्मचारी ने पुलिस से शिकायत की है।

# भारतीय किसान यूनियन (लोक शक्ति) का शताब्दी नगर रिठानी में संगठन विस्तार समारोह सम्पन्न

वेलकम इंडिया



**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन (लोक शक्ति) द्वारा एक भव्य संगठन विस्तार समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मेरठ जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए संगठन पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन सुदेश कुमार की टीम द्वारा किया गया जिन्होंने मुख्य अतिथियों एवं अन्य आगंतुकों का जोरदार स्वागत किया। इस समारोह में फैजान चौधरी (मेरठ मंडल मीडिया प्रभारी) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ अजय त्यागी (जिला अध्यक्ष, मेरठ), विशाल त्यागी (युवा जिला अध्यक्ष), विश्वास त्यागी (प्रदेश सचिव), अतर सिंह यादव (जिला उपाध्यक्ष), संजय त्यागी, पीयूष शर्मा (युवा जिला उपाध्यक्ष), गौरव शर्मा (युवा तहसील अध्यक्ष), रोहित शर्मा (जिला महासचिव), सोनू (जिला महामंत्री), पंकज पाल (युवा जिला मीडिया प्रभारी), कृष्ण, सागर पाल, आशु पाल सहित कई अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान संगठन विस्तार की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए सुदेश कुमार को जिला सचिव पद पर नियुक्त किया गया। साथ ही, अन्य नव-नियुक्त पदाधिकारियों को भी नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। यह नियुक्तियाँ संगठन की मजबूती एवं जनसरोकारों की दिशा में सक्रियता बढ़ाने के उद्देश्य से की गईं। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी फैजान चौधरी ने अपने संबोधन में सभी नवयुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनसे अपील की कि वे अपने पद की गरिमा को बनाए रखें और संगठन को मजबूती देने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन (लोक शक्ति) किसानों के हक और सम्मान की लड़ाई को निरंतर आगे बढ़ा रही है और संगठन का विस्तार इसी दिशा में एक अहम कदम है।

# सड़क पर गिरे विशालकाय पेड़ को हटाकर फायर टीम ने बाधित मार्ग को किया सुचारु




वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,गोविन्द मेहता,** फायर ब्रिगेड टीम को बागेश्वर डिग्री कॉलेज रोड के पास एक विशालकाय पेड़ गिरने की सूचना प्राप्त हुई।सूचना मिलने ही फायर रेस्क्यू टीम तत्काल घटना स्थल पहुंची जहॉ मौके पर एक तुन का विशालकाय पेड़ सड़क पर गिरा हुआ था जिसके नीचे एक महिंद्रा वाहन संख्या वङड2 -ळअ-1122 दबी हुई थी, जिससे यातायात और आवागमन पैदल पुल पूर्ण रूप बाधित हुआ था। एफएसओ गोपाल सिंह रावत के नेतृत्व में फायर रेस्क्यू यूनिट ने तत्काल वाहन के पास एवं अंदर सर्च किया। जिसमें कोई भी व्यक्ति नहीं मिला। बिजली के पोल एवं तार पेड़ से उलझे हुए थे। जिसकी सूचना बिजली विभाग एवं आपदा प्रबंधन को दी गई ।फायर रेस्क्यू यूनिट ने वुडन कटर से पेड़ को काटकर नीचे गिराया। फायर रेस्क्यू यूनिट एवं लोनिवि की जेसीबी मशीन के द्वारा संयुक्त ऑपरेशन से पेड़ को सड़क से किनारे हटाकर यातायात सुचारु किया गया।

# राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने भूख हडताल कर अपनी लंबित 12 सूत्रीय मांगो को शीघ्र पूरा करने हेतु मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी को सौपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा, उत्तर प्रदेश के आहवान पर अपनी लंबित 12 सूत्रीय मांगो पर सरकार द्वारा कोई सार्थक निर्णय न लिये जाने के विरोध स्वरूप संयुक्त मोर्चा एवं राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद् जनपद शाखा मथुरा के जुड़े सभी घटक संगठनो द्वारा अपनी लंबित मांगो को शीघ्र पूरी करने हेतु जिला मुख्यालय पर वट वृक्ष के नीचे एकत्र होकर एक दिवसीय सत्याग्रह/ भूख हडताल के आंदोलन के माध्यम से सूबे के मुखिया को जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन देकर अपनी 12 सूत्रीय लंबित मांग पुरानी पेंशन बहाली, 8 वा वेतन आयोग व स्थायी राष्ट्रीय वेतन आयोग, 18 महीने के डी०ए० एरियर का वेतन,संविदा एवं आउटसोर्सिंग आदि पर कार्यरत कर्मचारियों का नियमित करना एवं ठेके प्रथा समाप्त किये जाने जैसी तमाम लंबित आदि मांगो को जल्द से जल्द पूर्ण करने और उन पर सकारात्मक निर्णय लिए जाने की मांग की। वही परिषद के एक दिवसीय सत्याग्रह/भूख हड़ताल के संबंध मे राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष पी0डी0गौतम ने जानकारी देते हुए बताया की कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रदेश स्तर के निर्धारित कार्यक्रम के बैनरतले राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की पूर्व से चली आ रही 12 सूत्रीय लंबित मांगो को जल्द से जल्द पूर्ण करने और उन पर सकारात्मक निर्णय लिए जाने हेतु आज वट वृक्ष के नीचे परिषद के अधीन सभी घटको के विभागीय पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एकत्र होकर सत्याग्रह/भूख हड़ताल कर माननीय मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी महोदय के माध्यम ज्ञापन दिया गया हैं।वही जिला मंत्री गिर्राज सारस्वत ने जानकारी देते हुए बताया की परिषद के अधीन सभी घटको के संगठनों के समस्त पदाधिकारीयो और कर्मचारीयो ने आज एकत्र होकर अपनी लंबित मांगो को जल्द से पूर्ण करने के उद्देश्य से भूख हड़ताल कर अपनी लंबित मांगो का ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री जी को भेजा गया हैं।

यूटा के जिलाध्यक्ष अंशुल गौतम ने सरकार के अडियल रवैये और दिन प्रतिदिन शिक्षकों के प्रति काले कानून बनाने लागू करने और संवेदहीनता पर प्रश्न चिन्ह लगाया। इस दौरान कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष सतीश गौतम, डीपीए के जिला अध्यक्ष एस.पी.गौतम, जिला मंत्री शिव कुमार माहौर, नेत्र परीक्षण अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष पी0के0गौतम, सचिव नवीन गौतम, यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अंशुल गौतम, जिला मंत्री प्रशांत कुमार सारस्वत, जिला कोषाध्यक्ष जतिन, नंद किशोर पांडेय, सिचाई संघ के जिलाध्यक्ष नेत्रपाल सिंह, परिषद के उपाध्यक्ष हरीश कुमार शर्मा, रोडवेज विभाग से कपिल कुमार, राज कुमार, बदन सिंह, मुकेश कुमार, ज्ञानेन्द्र कुमार, अध्यक्ष कृष्ण कान्त शर्मा, मंत्री नेपाल सिंह, प्रमोद गौतम, एन.एस गौड़, सतीश चंद्र राजपूत, रमेश चंद्र शर्मा सहित परिषद से जुड़े सभी घटको के विभागीय पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।

# बैंक ग्राहकों को करे सभी सुविधाएं मुहैया,

वेलकम इंडिया

**गरुड़,** पूरन दोसाद, भारतीय स्टेट बैंक गरूड़ की शाखा में दूरदराज क्षेत्रो के लोगों को बैंक में पर्याप्त सुविधाए नही मिल पाने से सिविल सोसायटी ने नाराजगी जाहिर की है।वही बैंक में आने वाले बुजुर्ग लोगों और दिव्यांगों को बैंक शाखा में सीढ़ी चढ़ने में परेशानी होने से ग्राहकों को हो रही असुविधा के लिए या तो बैंक शाखा में लिफ्ट लगाए जाने की तत्काल व्यवस्था किए जाने, या बैंक को अन्यत्र शिफ्ट करने की मांग को लेकर सिविल सोसायटी ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा है। जिलाधिकारी को भेजे ज्ञापन में सिविल सोसायटी के अध्यक्ष व उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता और समाजसुधारक एड.डीके जोशी ने कहा है कि भारतीय स्टेट बैंक गरूड़ की शाखा बिल्डिंग के दूसरे तल पर है। जहां तक पहुंचने के लिए बैंक ग्राहकों को संकरी सीढ़ियों से जाना पड़ता है। जो कि वृद्ध और दिव्यांगजनों के लिए बहुत बड़ी दुविधा है। बैंक प्रबंधन द्वारा ऐसे में जरूरतमंदों के लिए उचित व्यवस्था की जानी चाहिए।इसके लिए बैंक या तो लिफ्ट की व्यवस्था करे या सुविधायुक्त व सुगम पहुंच की जगह में बैंक शाखा को शिफ्ट करे।वही बैंक में जरूरतमंद को बैंक में अपने लेनदेन हेतु व्हील चेयर की व्यवस्था करने के लिए जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा है।एड जोशी ने जल्द बैंक शाखा में ग्राहकों की सुविधा के लिए समुचित व्यवस्था नही किए जाने और बुजुर्गों को होने वाली असुविधा दूर नही किए जाने पर न्यायालय के माध्यम से क्षेत्र के लोगों की सुविधा हेतु न्यायालय से न्याय दिलाने की बात कही।

# यमुना किनारे किया जाए कॉरिडोरका निर्माण-अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा

वेलकम इंडिया




**मथुरा।** वृंदावन में अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा ब्रजक्षेत्र एवं नगर इकाई वृंदावन की एक संयुक्त बैठक सोमवार को ठाकुर राधा स्नेह बिहारी मंदिर परिसर में संपन्न हुई। पं. कन्हैया लाल गौतम ने कहा कि कॉरिडोर निर्माण वृंदावन की प्राचीन कुंज गलियों, मंदिरों और ऐतिहासिक धरोहरों को क्षति पहुंचा सकता है। इसे रोका जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि कॉरिडोर का निर्माण यमुना किनारे किया जाए। बैठक की अध्यक्षता ब्रज प्रदेश अध्यक्ष पं. बिहारी लाल वशिष्ठ ने की। इस दौरान क्षेत्रीय धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। विशेष रूप से कॉरिडोर परियोजना, यमुना प्रदूषण, गो हत्या, तीर्थ स्थलों पर शराबबंदी व अखाद्य वस्तुओं की बिक्री तथा तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा और यातायात ने बैठक में व्यवस्थाओं पर गहन मंथन किया गया। नीरज गौतम ने वैकल्पिक सुझाव देते हुए कहा कि कॉरिडोर की बजाय मथुरा से छटीकरा मार्ग का चौड़ीकरण किया जाए अथवा रोपवे बनाया जाए। उन्होंने वैष्णो देवी की तर्ज पर तीर्थ दर्शन के लिए एबीसी ग्रुप व्यवस्था की मांग भी रखी। पं. अजय शर्मा ने प्रस्ताव दिया कि मथुरा से वृंदावन रेल लाइन को पिलर बनाकर एलिवेटेड ट्रैक के रूप में विकसित किया जाए। साथ ही इस लाइन को हाथरस व अलीगढ़ से जोड़ा जाए। ब्रज प्रदेश मंत्री अनिल भारद्वाज, नगर अध्यक्ष करन कृष्ण गोस्वामी, हरिसुरेशाचार्य, आचार्य रामनिहोर शास्त्री, भारत किशोर दुबे, जिला अध्यक्ष जमुना देवी, बालों पंडित, विष्णु भारद्वाज, लक्ष्मीकांत कौशिक के अलावा जिला महिला प्रकोष्ठ सहित मथुरा, आगरा, एटा, कासगंज, अलीगढ़, सोरों आदि स्थानों से आए ब्राह्मण प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# रास्ते के विवाद को लेकर मारपीट, दो घायल

**मिजार्मुराद।** क्षेत्र के चित्रसेनपुर गांव (मिजार्मुराद) में मंगलवार की सुबह रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद विवाद हो गया।जिसके बाद लाठी–डंडे चलने से एक पक्ष से गोविंद राजभर व सूरज घायल हो गया।गोविंद के सिर में गम्भीर चोट लगने के कारण परिजन तुरंत हॉस्पिटल ले जाकर भर्ती करवाया। मिजार्मुराद थाने दोपहर के बाद पहुंच गोविंद ने गांव के ही राजेन्द्र राजभर, अजय राजभर, गोपी राजभर व भोले राजभर के खिलाफ मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का तहरीर दिया।पुलिस तहरीर लेकर घायलों को मेडिकल मुआयना के लिए भेज दी।

# नगर आयुक्त जग प्रवेश ने मनोहरपुरा का किया निरीक्षण, देखी सफाई व्यवस्था

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** नगर आयुक्त जग प्रवेश ने नगर निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाए रखने के लिए नियमित रूप से वार्डों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को वार्ड संख्या 42 मनोहरपुरा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि वार्ड में कुल 15 सफाई कर्मी नियुक्त हैं, परंतु मौके पर केवल 13 कर्मियों की उपस्थिति की जानकारी सुपरवाइजर मोहम्मद आबिद द्वारा दी गई। जब नगर आयुक्त द्वारा उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया गया, तो केवल 11 कर्मियों की उपस्थिति दर्ज पाई गई। उपस्थिति में गड़बड़ी एवं भ्रामक जानकारी देने पर नगर आयुक्त ने संबंधित सुपरवाइजर मोहम्मद आबिद के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के निर्देश नगर स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त द्वारा यह स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सभी सफाई कर्मी निर्धारित वर्दी (यूनिफॉर्म) में ही कार्य करें। नगर आयुक्त द्वारा नगर निगम क्षेत्र के अन्य वार्डों में भी इसी प्रकार औचक निरीक्षण जारी रहेंगे। नगर निगम मथुरा वृंदावन स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु कटिबद्ध है, और किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# जनपद में बगैर लाइसेंस संचालित मेडिकल स्टोर होगें सील





**वेलकम इंडिया, राजेंद्र सिंह**

हापुड़/जनपद में बगैर लाइसेंस संचालित मेडिकल स्टोर, एवं नशीली दवाइयां इंजेक्शन बिक्री करने वाले स्टोर संचालकों पर कार्यवाही करने को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिला अधिकारी की अध्यक्षता में एनसीओ आरडी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों के साथ आबकारी, औषधि खाद्य सुरक्षा, एनसीबी, एएनटीएफ, और क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के अधिकारी उपस्थित रहे। आयोजित बैठक में जिलाधिकारी अभिषेक पांडे ने नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार को जड़ से खत्म करने के लिए समन्वित कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए कहा कि जिले में संचालित दवाई फैक्ट्री एवं मेडिकल स्टोर की नियमित जांच की जाए। और यदि कहीं नशीले पदार्थों के मिलावट पाई जाए। तो संबंधित पर तत्काल कार्रवाई की जाए। साथ ही औषधि विभाग को आदेशित किया गया है कि बगैर लाइसेंस संचालित स्टोरों को तत्काल प्रभाव से सील किया जाए। और मेडिकल स्टोर पर नशीली दवाईयों की बिक्री प्रतिबंधित चेतावनी लिखे स्लोगन का बोर्ड लगाया जाए। और बोर्ड पर टोल फ्री नंबर भी दशार्या जाए। इस अवसर पर आयोजित बैठक में अपर जिला अधिकारी संदीप कुमार, एडिशनल एसपी विनीत भटनागर, समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# धुसुरा में हुआ उचित दर विक्रेता का चयन

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** सोमवार को विकास खंड सेमरियावा के गांव धुसुरा में खुली बैठक आयोजित कर उचित दर विक्रेता का चयन किया गया। इस दौरान पुलिस बल मौजूद रहा। सेमरियावा ब्लाक के गांव धुसुरा में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सहायक विकास अधिकारी (आईएसबी) दिलीप पाण्डेय, ग्राम पंचायत सचिव अस्तित्व कुमार, ग्राविअ रजनी सिंह, गुलाब चन्द्र, ग्रापंअ लवकुश चौधरी, प्रवेश कुमार सिंह, असदुल्लाह की मौजूदगी में उचित दर विक्रेता का चयन के लिये धुसुरा में खुली बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

पर्यवेक्षक व सहायक विकास अधिकारी (आईएसबी) दिलीप पाण्डेय ने बताया कि उचित दर विक्रेता के लिए चार लोगों ने आवेदन किये थे मतगणना के पूर्व दो लोगों ने अपना नाम वापस ले लिया। जावेद अहमद और मुहम्मद सलमान चुनाव मैदान में थे। जावेद अहमद को 325 और मुहम्मद सलमान को 296 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार जावेद अहमद ने 29 मतों से विजय हासिल की। सुरक्षा को लेकर दुधारा पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही। मनमाने ढंग से चयन कराने का ग्रामीणों ने लगाया आरोप इसराईल अहमद, कमाल अहमद, फखरे आलम, अली अहमद, मुहम्मद आजम, मुहम्मद सलमान अहमद, मुबारक हुसेन, मुहम्मद यूसुफ, मोहम्मद समीर, खुर्शीद सहित दर्जनों ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी धर्मेश कुमार पाण्डेय को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि ग्राम पंचायत में कुल तीन खुली बैठक बुलाई गई थी कोटे के चयन हेतु सोमवार को बैठक बुलाई गई थी लेकिन वहां पर उपस्थित अधिकारियो और कर्मचारियों द्वारा मेरे पक्ष में जिन लोगों ने हाथ उठाया केवल उनकी गिनती की गई दूसरे पक्ष के लोगों की बिना गिनती किये मनमाने ढंग से दूसरे पक्ष की कोटे चयन की घोषणा कर दी गई। ग्रामीणों ने उचित कार्रवाई करने की मांग किये हैं।

## विश्व प्रसिद्ध बुजुर्ग आलिम ए दीन मौलाना मुस्तकीम अहमद बस्तवी का निधन



**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** बस्ती मंडल के सुप्रसिद्ध धार्मिक विद्वान मौलाना मुस्तकीम अहमद बस्तवी का बीती रात मुंबई में 95 वर्ष की आयु में निधन हो गया ।वयोवृद्ध मौलाना के शव को उनके आबाई गांव सेमरियावां ब्लॉक के तिनहरी माफी गांव में लाया जा रहा है।

अपने अपना पूरा जीवन इस्लाम धर्म के प्रचार प्रसार के लिए वक्फ कर दी थी ।देश विदेश में दावत और तबलीग में पूरी जिंदगी लगे रहे ।दिल्ली मरकज से भी जुड़े रहे। पूरे बस्ती मंडल में इनका बहुत सम्मान रहा ।मौलाना मुस्तकीम अहमद के निधन से पूरे क्षेत्र में शोक व्याप्त है ।मदरसों मस्जिदों में दुआएं हो रही है ।नमाज जनाजा आज रात इनके आबाई गांव में अदा की जायेगी। मौलाना के निधन पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण चन्द्र पाण्डेय और जिला प्रभारी मनोज यादव सहित अन्य कांग्रेस नेताओं ने उनके पैतृक गांव पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त किये। इस दौरान मुहम्मद नजीर, दिलशाद अफसर, अहमद जमाल अंसारी, मुहम्मद परवेज अख्तर, मोईन अंसारी आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने सिंभावली ब्लॉक के गांव में समस्याएं देख जमकर लगाई फटकार 48 घंटे में निस्तारण नहीं होने पर ग्राम सचिव को निलंबित करने की दी चेतावनी

**वेलकम इंडिया, राजेंद्र सिंह**



**हापुड़** गढ़मुक्तेश्वर/जनपद की तहसील गढ़ मुक्तेश्वर के सिंभावली ब्लॉक के अंतर्गत आने वाी ग्राम पंचायत गोहरा आलमगीरपुर में 24 जून को जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने जन चौपाल का आयोजन किया। आयोजित जनसुनवाई चौपाल में ग्रामीणों ने सरकारी योजनाओं से वंचित रहने की शिकायतें रखीं जिस पर डीएम ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को जमकर लगाई फटकार। जन चौपाल में उपस्थित आसमा नाम की महिला डीएम अभिषेक पांडेय के समक्ष पहुंची। और महिला आसमा ने बताया कि उसके परिवार को आज तक भी किसी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिला। जिसको सुनकर जिलाधिकारी अभिषेक पांडे भड़क उठे। और उन्होंने महिला आसमा को आवासीय योजना का लाभ दिलाने के निर्देश देते हुए कहा कि निराश्रित, वृद्धा और दिव्यांग पेंशन से संबंधित शिकायतों का निस्तारण करने को लेकर समाज कल्याण अधिकारी को 48 घंटे निस्तारण करने का दिया अल्टीमेटम। तों वहीं दिव्यांग महिला अनीता देवी की पेंशन शिकायत पर ग्राम सचिव को चेतावनी दी गई। समय सीमा में समाधान न होने पर निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। रीता देवी के दिव्यांग बच्चों के प्रमाण पत्र जारी करने के लिए जिला मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए गए। वेतन में 1000 रुपए की वृद्धि का निर्देश दिया। बिजली विभाग को क्षतिग्रस्त बिजली के खंभे की मरम्मत करने का आदेश दिया गया। वहीं ग्राम पंचायत भवन में सहायक की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने को लेकर निर्देशित किया गया। और महिला सफाई कर्मियों के वेतन में 1000 रुपए की वृद्धि का निर्देश दिया ।चकबंदी संबंधी शिकायतों पर एसओसी पेशकार के निलंबन के आदेश दिए गए। तालाब, पानी की टंकी और जल निकासी व्यवस्था को चुस्त- दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। जनचौपाल के बाद जिलाधिकारी ने तालाब और तारा पशु आहार केंद्र का निरीक्षण किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में एसडीएम सदर इला प्रकाश, सीएमओ डॉ सुनील त्यागी, जिला मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम और अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## बीडीओ बिहार ने छेवगा, फूलपुररामा व कोर्रही गौशाला का किया निरीक्षण



**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**

**दिनांक 24 जून 2025 प्रतापगढ़।** खण्ड विकास अधिकारी बिहार मिर्जा इरफान वेग ने आज विकास खण्ड बिहार के अन्तर्गत 03 गौशालाओं छेवगा, फूलपुररामा एवं कोर्रही का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान छेवगा गौशाला में 15 नर व 78 मादा कुल संरक्षित गोवंश 93 पाये गये। चूनी चोकर 50 किग्रा०, भूसा 50 कुन्तल, साफ सफाई की व्यवस्था संतोषजनक पाई गयी। पेयजल हेतु साफ पीने के पानी की व्यवस्था थी, गोवंशो का स्थास्थ ठीक है, कुछ स्थानो पर लगी जाली/तार क्षतिग्रस्त हो गया है उसे तत्काल ठीक कराकर नोट कैम फोटोग्राफ के साथ अवगत कराने के लिए सचिव को निर्देशित किया गया। साथ ही साइलेज हेतु सचिव ग्राम पंचायत को तीन दिवस में निर्धारित फर्म को डिमाण्ड प्रस्तुत करने हेतु आदेशित किया गया है। कोर्रही गौशाला में 71 नर व 270 मादा कुल संरक्षित गोवंश 341 पाये गये। चूनी चोकर 6 कुन्तल, भूसा 200 कुन्तल, साफ सफाई की व्यवस्था संतोषजनक नही पाई गयी, साफ सफाई हेतु ग्राम पंचायत सचिव को निर्देशित किया गया।

# सिंभावली पुलिस के साथ मुठभेड़ में रिजवान उर्फ कांचू गिरफ्तार किया गया

**वेलकम इंडिया, राजेंद्र सिंह**



**हापुड़** गढ़मुक्तेश्वर/सिंभावली थाना क्षेत्र अंतर्गत चेकिंग के दौरान सिखैड़ा अंडरपास के पास मुठभेड़ दर्जनों आपराधिक मामलों में वांछित चल रहा बदमाश रिजवान उर्फ कांचू गोली लगने पर हुआ घायल ।आपको बता दें कि डीआईजी कला निधि नैथानी परिक्षेत्र मेरठ के शस्त्र अभियान के चलते एसपी कुंवर ज्ञानेंद्र सिंह की हापुड़ पुलिस हां बदमाशों पर भारी पड़ने के चलते लंगड़ा ऑपरेशन जारी। इसी क्रम में नया बांस रेगुलेटर नहर पुलिया के पास सिंभावली थाना प्रभारी सुमित तोमर अपनी पुलिस टीम के साथ चेकिंग अभियान चला रहे थे। इसी दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति सिखेड़ा अंडरपास के पास स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से आता दिखाई दिया। पुलिस द्वारा रुकने का इशारा करने पर बाइक मोड़कर भागने लगा। पुलिस बल द्वारा पीछा किए जाने पर अपने को घिरता देख उक्त बदमाश ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की गई। मुठभेड़ के दौरान बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश की पहचान रिजवान उर्फ काँचू पुत्र अब्दुल रहमान निवासी पलवाड़ा थाना बहादुरगढ़, जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। जिसकेकब्जे से एक तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस तथा स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की गई। बरामद मोटरसाइकिल के संबंध में जानकारी की जा रही है। घायल बदमाश को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, अभियुक्त के विरुद्ध गौकशी, शस्त्र अधिनियम एवं एनडीपीएस एक्ट सहित करीब एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

## बेटियों को अपनी सुरक्षा स्वयं करनी होगी: दमन प्रीत



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

विवेकानन्द दिव्य भारती के सेल्फ डिफेंस कैंप का समापन आज आर जे पी इन्टर कालेज के सभागार में हुआ इस अवसर पर मुख्य अतिथि दमन प्रीत अरोड़ा यूपीएससी में चयनित डीपीआरओ रही। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि दिव्य भारती का बेटियों के लिए आत्म रक्षा के लिए गुर सिखाना एक प्रशंसनीय कदम है। आज की इस आधुनिक विपरीत परिस्थितियों में हर बेटी को अपनी सुरक्षा अपने आप करनी होगी जिसके लिए किसी भी मार्शल आर्ट को सीखना जरूरी है। इससे पूर्व दीप प्रज्वलित कर समापन समारोह का विधिवत शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए दिव्य भारती के अध्यक्ष योगेन्द्र पाल सिंह योगी ने विवेकानन्द दिव्य भारती के संबंध में बताते हुए लुईस ली पार्कर हाईस्कूल में चलाए गए 15 दिन के कैम्प के संबंध में जानकारी दी और कहा अब शहर की बेटी को ताकतवर बनाया जाएगा कोई बेटी कमजोर नहीं रहेगी।15 दिवसीय कैम्प को सफल बनाने व विभिन्न प्रकार के कौशल प्रशिक्षण देने में विनय चौधरी, राशि कुमारी रश्मि कुमारी, अंकुर चौधरी व अरविन्द अहलावतमहत्वपूर्ण योगदान रहा।

## श्री जगन्नाथ भगवान व बाबा खाटू श्याम जी की भव्य शोभा यात्रा 29 जून को अनाज मण्डी मन्दिर से निकलेगी: बजरंग गर्ग



**वेलकम इंडिया**

**हरियाणा/ हिसार(राजेश सलूजा)** – बीड़ बबरान युवा समिति की मीटिंग अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस मीटिंग में 29 जून को श्री जगन्नाथ भगवान व बाबा खाटू श्याम जी की भव्य शोभा यात्रा की तैयारी पर विचार किया गया। इस अवसर पर अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कहा कि 29 जून को श्री जगन्नाथ व बाबा खाटू श्याम जी की भव्य शोभा यात्रा बैंड-बाजे व ढोल-नगाड़े के साथ अनाज मंडी मंदिर से आरम्भ होगी। शोभा यात्रा के साथ निशान, भव्य रथ, अलौकिक श्रृंगार होगा। शोभा यात्रा के लिए जगह-जगह स्वागत गेट बनाए जाएंगे और जगह-जगह धर्मप्रेमियों द्वारा आरती, पुष्प वर्षा, इत्तर वर्षा के साथ स्वागत किया जाएगा। शोभा यात्रा में श्री निशा जी एवं श्री हित संकीर्तन मंडल, इस्कॉन सेंटर, श्री कृष्ण कृपा मंदिर, मोहन तनेजा एंड पार्टी की टीमों द्वारा भव्य भजन व श्री राम नाम का जाप किया जाएगा। शोभा यात्रा में हजारों धर्म प्रेमी भाग लेंगे। बजरंग गर्ग ने कहा कि शोभा यात्रा का विश्राम बुधला संत मंदिर सेक्टर 14 में होगा जिसमें विशाल भंडारा व भजन समारोह होगा। इस अवसर पर प्रमुख समाजसेवी शिव कुमार सिंगल, मनीष बंसल, प्रवीण गर्ग झंडू, कर्ण गर्ग, धर्मेंद्र मलिक, मोहित बंसल अजीतपुरिया, मुकुंद भूतड़ा, आशीष मेहता, यश जैन, भूपेश बंसल, निखिल गर्ग आदि कार्यक्रम के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# डीआईजी की सख्त चेतावनी: अपराध नियंत्रण, गैंगस्टरों की धरपकड़ और महिला अपराधों पर त्वरित कार्रवाई के लिए मैदान में उतरें पुलिस कप्तान

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** बरेली रेंज की कानून-व्यवस्था को लेकर डीआईजी अजय कुमार साहनी खासे सख्त नजर आ रहे हैं। मंगलवार को बरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर जिलों के एसएसपी और एसपी के साथ समीक्षा बैठक में उन्होंने अपराध नियंत्रण, गैंगस्टरों की धरपकड़, महिला अपराधों पर त्वरित कार्रवाई और साइबर क्राइम के मामलों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं, साथ ही टॉप-10 अपराधियों पर सीधी कार्रवाई के निर्देश देते हुए डीआईजी ने स्पष्ट कहा कि टॉप-10 अपराधियों और सक्रिय गैंगस्टरों पर सीधी कार्रवाई हो और उनके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट समेत सख्त धाराएं लगाई जाएं। किसी भी स्तर पर लापरवाही होने पर संबंधित अफसर की जिम्मेदारी तय की जाएगी। इस मौके पर डीआईजी साहनी द्वारा लंबित विवेचनाओं की स्थिति, महिला उत्पीड़न, दहेज हत्या, बलात्कार, पॉक्सो जैसे गंभीर मामलों की प्रगति, वांछित व इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी, माफियाओं पर की गई कार्रवाई, एससी/एसटी एक्ट मामलों का निस्तारण, इन सभी बिंदुओं पर जिलावार रिपोर्ट ली गई और अफसरों को निर्देश दिए गए कि मिशन शक्ति अभियान में ढिलाई नहीं होनी चाहिए। डीआईजी साहनी ने आगामी कांवड़ यात्रा को लेकर भी मौजूद अफसरों से विशेष चर्चा की। उन्होंने कहा कि संवेदनशील रूटों की पहचान समय रहते कर लें, सुरक्षा योजना का खाका तैयार कर स्थानीय खुफिया एजेंसियों से समन्वय स्थापित करें, कावड़ यात्रा के दौरान शांति, कानून व्यवस्था और सुरक्षा को प्राथमिकता दें। बैठक में थानों में जब्त वाहनों, संपत्ति के निस्तारण, हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी और थानों के निरीक्षण रिपोर्ट को गंभीरता से लिया गया। डीआईजी ने कहा कि थानों की जवाबदेही तय होनी चाहिए, लापरवाही पर सख्त कार्रवाई होगी। बढ़ते साइबर अपराध को देखते हुए डीआईजी ने साइबर थानों की क्षमता बढ़ाने और तकनीकी जांच टीमों को मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि साइबर क्राइम को हल्के में लेना अब अपराध है, इनकी विवेचना में तेजी जरूरी है।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने नवागत वित्त एवं लेखाधिकारी का स्वागत किया

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जनपद बरेली की टीम ने मंगलवार को बेसिक शिक्षा परिषद के नवागत वित्त एवं लेखाधिकारी जगवीर सिंह से शिष्टाचार भेंट कर अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का पंचांग एवं पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर संगठन की तरफ से उन्हें शिक्षकों की अनेक समस्याओं के बारे में भी विस्तार से बताया गया। इस मौके पर संगठन के महामंत्री विनोद कुमार ने बताया कि काफी समय बाद विभाग को पूर्णकालिक वित्त एवं लेखाधिकारी मिले है, इसलिए संगठन द्वारा उन से जनवरी 2025 से बढ़े डी ए के एरियर का भुगतान जल्द से जल्द करने की मांग की गई, जिसके सापेक्ष वित्त एवं लेखाधिकारी जगवीर सिंह द्वारा बताया गया कि 6 ब्लॉक के डी ए एरियर के बिल कार्यालय आ चुके है, शेष ब्लॉक के बिल आते ही भुगतान करा दिया जाएगा। संगठन ने फॉर्म 16 के बारे में भी लेखाधिकारी से वार्ता की, तब उनके द्वारा बताया गया, कि कई ब्लॉक के फॉर्म 16 चले गए है शेष ब्लॉक के दो-चार दिन में पहुंच जाएंगे। शिक्षकों के एरियर के संबंध में उन्होंने कहा कि 120 पेंडेंसी रह गई है बाकी सभी पेंडेंसी क्लियर कर दी गई है। इस माह के अंत तक एरियर आ जाएगा। इस अवसर पर संगठन की तरफ से कार्यकारी अध्यक्ष/संगठन मंत्री जितेंद्र गंगवार, जिला महामंत्री विनोद कुमार, जिला कोषाध्यक्ष पुष्कर उपाध्याय, रमेश कुमार, विवेक वर्मा, अमित गंगवार, बचन सिंह, अजय कुमार, अवनीत सिंह, अनिल कुमार, दिनेश, प्रदीप मथुरिया, अनुराग शर्मा, पवन, राहुल सिंह, आदि शिक्षक व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## एनसीआरटीसी ने पूरे 82 किलोमीटर लंबे

# नमो भारत कॉरिडोर पर एक घंटे से भी कम समय में किया टाइमटेबल अनुसार सफल ट्रायल रन

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**

एनसीआरटीसी ने पूरे नमो भारत कॉरिडोर पर, सराय काले खां से मोदीपुरम के बीच नमो भारत ट्रेनों का समय-सारिणी बद्ध ट्रायल रन सफलतापूर्वक पूरा किया, जिसमें ट्रेनों ने पूरी 82 किमी लंबी यात्रा एक घंटे से भी कम समय में पूरी की। इस ट्रायल के दौरान मेरठ मेट्रो ट्रेनें भी नमो भारत ट्रेनों के साथ चल रही थीं और सिस्टम ने सफलतापूर्वक परीक्षण पूर्ण किया। यह दिल्ली, गाज़ियाबाद और मेरठ के बीच क्रियान्वित किए जा रहे भारत के प्रथम नमो भारत कॉरिडोर के परिचालन की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस ट्रायल के दौरान, नमो भारत ट्रेनों को पूरे 82 किलोमीटर के हिस्से में 160 किलोमीटर प्रति घंटे की अपनी अधिकतम परिचालन गति से निर्बाध रूप से चलाया गया। ट्रेनों ने सराय काले खां से मोदीपुरम के बीच हर स्टेशन पर स्टॉप लिया और एनसीआरटीसी द्वारा लक्षित शेड्यूल का पालन करते हुए एक घंटे से भी कम समय में इस दूरी को तय किया। नमो भारत कॉरिडोर पर, विश्व में पहली बार प्रयोग होने वाले, एलटीई बैकबोन पर आधुनिक ईटीसीएस लेवल 3 हाइब्रिड सिग्नलिंग सिस्टम को डिप्लॉय किया गया है। इस सिग्नलिंग सिस्टम ने हर स्टेशन पर इंस्टॉल किए गए प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर (पीएसडी) के साथ बिना किसी बाधा के, सफलतापूर्वक परीक्षण पूर्ण किया। यह सफल ट्रायल रन सिस्टम की तैयारी को रेखांकित करता है । वर्तमान में, 11 स्टेशनों के साथ कॉरिडोर का 55 किलोमीटर हिस्सा यात्रियों के लिए पहले से ही परिचालित है। कॉरिडोर के बचे हुए यानी दिल्ली में सराय काले खां और न्यू अशोक नगर के बीच 4.5 किलोमीटर और मेरठ में मेरठ साउथ और मोदीपुरम के बीच लगभग 23 किलोमीटर के अपरिचालित खंड पर अंतिम फिनशिंग कार्यों के साथ-साथ ट्रायल रन तेजी से प्रगति कर रहे हैं। एनसीआरटीसी द्वारा हासिल किया गया यह माइलस्टोन पूरे नमो भारत कॉरिडोर की पूर्ण कमीशनिंग की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति का संकेतक है। मेरठ साउथ और मोदीपुरम डिपो के बीच के हिस्से पर मेरठ मेट्रो का ट्रायल रन भी गति से प्रगति कर रहा है।



# उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने डिप्टी सीएम को दिया ज्ञापन

**वेलकम इंडिया**




**कांधला,मोहसीन रहमानी।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने 2009 में भर्ती हुए शिक्षकों की समस्या को लेकर डिप्टी सीएम को ज्ञापन देते हुए समस्या के निराकरण कराए जाने की मांग की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल के आधा दर्जन लोग मौके पर मौजूद रहे। उत्तर प्रदेश के प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला संयोजक कांधला निवासी बृजेश शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने लखनऊ पहुंचकर डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से मुलाकात की। उन्होंने डिप्टी सीएम को ज्ञापन देते हुए अवगत कराया की, शिक्षक, शिक्षिकाओं की नियुक्ति, माह जनवरी, फरवरी 2009 में हुई थी लेकिन उन्हें पहली वेतन वृद्धि का लाभ अगले वर्ष अर्थात डेढ़ वर्ष के पश्चात माह जुलाई 2010 में दिया गया है। वर्तमान में माह जनवरी में वेतन वृद्धि का प्रावधान शासनादेश में है। अतः ऐसे शिक्षकों जिनकी नियुक्ति माह जनवरी, फरवरी 2009 में हुई है उनके वेतन का पुनर्निर्धारण कराते हुए माह जनवरी 2010 में वेतन वृद्धि दिलाने को संबंधित को आदेशित करने का कष्ट करें। शासनादेश के अनुसार (शासनादेश संलग्न) 15000 शिक्षक भर्ती के शिक्षक / शिक्षिकाओं के वेतन का भी पुनर्निर्धारण कर माह जनवरी 2017 में छुटी हुई वेतन वृद्धि दिलाने का भी संबंधित को आदेशित करने की मांग की है। शिक्षक संघ में डिप्टी सीएम को दो बिंदु ऑन पर आधारित ज्ञापन देते हुए समस्या के निराकरण कराए जाने की मांग की है।

## एआईएमआईएम जिला पंचायत चुनाव में पार्टी दमदारी से लड़ेगी- इसरार अहमद



**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** आल इंडिया मजलिसे इत्तेहादुल मुस्लिमीन के वरिष्ठ नेता व जिला पंचायत सदस्य वार्ड नंबर 11 पूर्व एंव भावी प्रत्याशी मास्टर फिरोज अहमद के नेतृत्व में महदेव में एक कैडर प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्वांचल अध्यक्ष इसरार अहमद ने कहा कि जिला पंचायत चुनाव में पार्टी दमदारी से लड़ेगी। किसी भी चुनाव में सफलता के लिये बूथ स्तर पर मजबूती जरूरी है। लोगों को पार्टी की नीतियों को बताकर पार्टी से जोड़ें ताकि विधानसभा चुनाव में पार्टी मजबूती से लड़ सके। कार्यकर्त्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं। कार्यक्रम का संचालन जिला पंचायत सदस्य वार्ड नंबर 11 पूर्व प्रत्याशी मास्टर फिरोज अहमद ने किया। बैठक को प्रदेश महासचिव जनाब सलमान मलिक, यूथ प्रदेश महासचिव मो. शोएब आजम , पूर्वांचल महासचिव मो. शफीक , ज़िलाध्यक्ष मेराज खान, जिला पंचायत सदस्य पौली जावेद आलम, पूर्व ज़िलाध्यक्ष इरशाद आलम , पार्टी नेता सुनील कुमार यादव ने भी सम्बोधित किया।

# नमो भारत ट्रेन में छूटे महंगे लैपटॉप और मोबाइल के लिए ना हों चिंतित; लॉस्ट एंड फाउंड सेंटर की मदद से खोई हुई वस्तुओं को पाएँ वापस

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**



दिल्ली-गाज़ियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर पर नमो भारत ट्रेनों में छूटी/खोई वस्तुओं को यात्रियों तक वापस पहुंचाने के उद्देश्य से एनसीआरटीसी द्वारा गाजियाबाद स्टेशन पर ₹लॉस्ट एंड फाउंड₹ सेंटर बनाया गया है। इस ₹लॉस्ट एंड फाउंड₹ सेंटर की मदद से अब तक यात्रियों द्वारा भूली गई 160 से अधिक मूल्यवान वस्तुएँ वापस लौटाई गई हैं, जिनमें महंगे लैपटॉप, स्मार्ट मोबाइल फोन, रिस्ट-वॉच, एजुकेशनल डॉक्युमेंट्स, मेडिकल रिपोर्ट्स, कैश-युक्त वॉलेट्स, इयर बड्स, ब्लूटूथ डिवाइस, ट्रॉली बैग्स, आईपैड, कार और बाइक की चाबियाँ, किताबें और कपड़ों समेत अन्य सामान शामिल हैं। नमो भारत कॉरिडोर पर अक्टूबर 2023 में नमो भारत ट्रेनों का परिचालन शुरू किया गया। सेवाओं में विस्तार के साथ वर्तमान में दिल्ली के न्यू अशोक नगर से लेकर मेरठ साउथ तक नमो भारत सेवाएँ उपलब्ध हैं। नमो भारत सेवाएँ शुरू होने से लेकर अब तक नमो भारत ट्रेनों में तैनात ट्रेन अटेंडेंट्स की बेहद अहम भूमिका रही है। ट्रेन अटेंडेंट ही, ट्रेन में छूटी हुई लावारिस वस्तुओं को मिलने पर तत्काल लॉस्ट एंड फाउंड सेंटर पहुँचाने में सहयोग करते हैं। हर ट्रेन में तैनात ट्रेन अटेंडेंट चलती ट्रेन में निरंतर राउंड लेते रहते हैं और ट्रेन में यात्रियों द्वारा भूली गई वस्तुओं समेत ट्रेन के अंदर की सभी गतिविधियों की मॉनिटरिंग करते हैं। नमो भारत कनेक्ट ऐप में मौजूद लॉस्ट एंड फाउंड सेंटर के विकल्प में जाकर यात्री नमो भारत स्टाफ को मिली वस्तुओं की सूची में अपने खोये हुए सामान की जानकारी हासिल करके अपने सामान को वापस लेने के लिए दावेदारी कर सकते हैं। यह प्रक्रिया बेहद आसान है। नमो भारत कनेक्ट ऐप में लॉस्ट एंड फाउंड विकल्प में जाकर अपनी वस्तु की पहचान करने के बाद यात्री गाज़ियाबाद नमो भारत स्टेशन में बने लॉस्ट एंड फाउंड सेंटर में संपर्क कर सकते हैं। सामान लौटाने के लिए निर्धारित वेरिफिकेशन के बाद उनका सामान उन्हें वापस मिल सकता है। इसके साथ ही यात्री सामान छूटने के बाद तत्काल जानकारी के लिए संबन्धित स्टेशन के कंट्रोलर से भी संपर्क कर सकते हैं। सभी स्टेशनों के कंट्रोल रूम के नंबर भी नमो भारत कनेक्ट ऐप के स्टेशन फेसिलिटीज ऑप्शन में उपलब्ध हैं। इसके साथ ही यात्री नमो भारत के हेल्पलाइन नंबर 08069651515 पर भी कॉल करके अपने सामान से संबंध में सूचना दे व ले सकते हैं।

## भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत संगठन का हुआ विस्तार



**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**

मेरठ मंगलवार को थाना परतापुर क्षेत्र अंतर्गत पुट्ठा गांव में भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत संगठन का विस्तार किया गया कार्यक्रम के दौरान कई बड़े पदों के नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए मेरठ जिला अध्यक्ष देवेंद्र चौधरी ने नव नियुक्त पदाधिकारी को संगठन के बारे में विस्तार पूर्वक बताया और संगठन की कार्यप्रणाली के बारे में भी विस्तार पूर्वक समझाया कार्यक्रम के दौरान नव नियुक्त पदाधिकारी में सुनील सिवाच ग्राम अध्यक्ष आशु चौधरी जिला महासचिव ऋषभ प्रधान ब्लॉक अध्यक्ष परतापुर वरुण शर्मा ब्लॉक्स उपाध्यक्ष रोहता और उदय चौधरी तहसील अध्यक्ष के साथ अनिल चौधरी जिला उपाध्यक्ष मेरठ के पद पर नियुक्त किए गए इस अवसर पर जिला अध्यक्ष देवेंद्र चौधरी के साथ एनसीआर प्रभारी मनोज ठाकुर एनसीआर सचिव संदीप चौहान जिला प्रभारी मेरठ प्रदीप शर्मा जिला संरक्षक धर्मवीर तेवतिया जिला उपाध्यक्ष मोहित धारीवाल जिला महानगर अध्यक्ष सोमिया सिंह मीडिया प्रभारी उज्जवल रस्तोगी आदि पदाधिकारी के साथ सैकड़ो की संख्या में कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

# जिला कलेक्टर ने किया अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का निरीक्षण

**वेलकम इंडिया**



**धौलपुर राजस्थान (उत्तम दीक्षित)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के प्रथम दिन मंगलवार को जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने उपखण्ड धौलपुर की ग्राम पंचायत बरैठा पर आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित विभिन्न विभागों की स्टॉल्स का अवलोकन कर प्रदान की जा रही विभिन्न सेवाओं और वस्तुस्थिति की जानकारी शिविर एवं स्टॉल प्रभारी से ली और लाभार्थियों से संवाद कर फीडबैक भी लिया। उन्होंने अधिकारियों और कार्मिकों को निर्देश दिए कि शिविरों में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को पात्रतानुसार और सरकार की मंशानुरूप लाभ प्रदान करवाए जाएं। उन्होंने कहा कि पखवाड़े का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने राजस्व विभाग को आवंटित कार्यों, ग्रामीण विकास विभाग द्वारा बीपीएल परिवारों के बैंक सत्यापन, आवेदन प्राप्ति और सर्वे कार्यों की समीक्षा की। साथ ही जल, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा, पशुपालन, कृषि, वन, सामाजिक न्याय सहित अन्य विभागों की गतिविधियों की भी विस्तार से जानकारी ली।

## 30 जून को दिल्ली में राजनीतिक पाठशाला के आठवें स्थापना दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन

**एहसान अंसारी**



**नई दिल्ली:** राजनीतिक पाठशाला के आठवें स्थापना दिवस पर 30 जून को दिल्ली में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कई दिग्गज कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना है। वहीं मंगलवार को राजनीतिक पाठशाला के संयोजक अजय पाण्डे अपनी टीम के साथ भारत सरकार के कानून मंत्री अर्जुन मेघवालय से मुलाकात करके पहुंचे और उन्हें राजनीतिक पाठशाला के आठवें स्थापना दिवस पर निमंत्रण कार्ड दिए। संयोजक अजय पाण्डे ने कहा पिछले 8 वर्षों में राजनीतिक पाठशाला ने बेहतर कार्य किया है कई मुकाम हासिल किया है। 30 जून को दिल्ली के **constitution club** में पाठशाला रत्न अवॉर्ड से कई सम्मानित लोगों को सम्मान किया जायेगा।

## दिल्ली एनसीआर में ऑन डिमांड अवैध शस्त्रों की सप्लाई करने वाले गैंग का भांडाफोड़



**वेलकम इंडिया**

बुलंदशहर थाना सिकन्द्राबाद पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान ग्राम गेसूपुर नहर चैक पोस्ट के पास से अवैध असलहा व कारतूस की तस्करी करने वाले 03 अभियुक्तो को अवैध असलहा व कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना सिकन्द्राबाद पर मुअसं- 606/25 धारा 3/5/25ए शस्त्र अधि0 पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तो को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम रुहैल उर्फ साहिल पुत्र स्व0 हबीब निवासी मौ0 मोरीगेट म0न0 27 थाना अनूपशहर जनपद बुलन्दशहर आरिश पुत्र आरिफ निवासी मौ0 रिसालदारान शीशे वाली मस्जिद थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर। साकिब पुत्र नदीम निवासी मौ0 जमाईपुरा थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर फरार अभियुक्त का नाम सलमान पुत्र हनीफ निवासी मौहल्ला रिसालदारान कस्बा व थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर है।

## महिला अभ्यर्थियों के लिए सुनहरा अवसर हांसी में होगा रोजगार प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन: सहायक रोजगार अधिकारी रितु जांगड़ा

**वेलकम इंडिया**

**हांसी । मनमोहन शर्मा।** संयुक्त कार्यालय परिसर में स्थित उप मण्डल रोजगार कार्यालय में 25 जून 2025 (बुधवार) को प्रातः 10 बजे से पुखराज हेल्थ केयर प्रा० लि० कम्पनी द्वारा एक विशेष प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। यह ड्राइव विशेष रूप से महिला अभ्यर्थियों के लिए आयोजित की जा रही है, जिससे क्षेत्र की युवतियों को रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें।

सहायक रोजगार अधिकारी रितु जांगड़ा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि इस प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लेने के लिए अभ्यर्थी के पास न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं, स्नातक या आई.टी.आई पास होना अनिवार्य है। आयु सीमा 18 से 28 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी में विभिन्न पदों पर नियुक्त किया जाएगा। यह पहल महिलाओं के सशक्तिकरण एवं उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उपमंडल रोजगार कार्यालय लगातार प्रयासरत है। सहायक रोजगार अधिकारी ने सभी पात्र महिला अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित निर्धारित समय पर संयुक्त कार्यालय परिसर में स्थित उपमण्डल रोजगार कार्यालय में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाएं।

# अतिरिक्त जिला कलक्टर ने किया अन्त्योदय संबल शिविर का निरीक्षण

**वेलकम इंडिया**



**धौलपुर राजस्थान (उत्तम दीक्षित)।** राजीव गांधी सेवा केन्द्र कोलुआ सैंपऊ में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल शिविर का अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना ने निरीक्षण किया। शिविर प्रभारी तहसीलदार सैंपऊ नाहर सिंह उपस्थित मिले। छात्रावास अधीक्षक कोलुआ मोहन प्रकाश द्वारा बताया गया कि पेशनर्स के सत्यापन 115 लंबित है। स्टाफ को डोर-टू-डोर जाकर पेंशनर्स सत्यापन का कार्य शत-प्रतिशत करने के निर्देश दिये गए। सहायक अभियंता जेवीवीएनएल पुष्पेन्द्र चौधरी उपस्थित नहीं मिले इनको कारण बताओ नोटिस उपखंडाधिकारी सैपऊ के माध्यम से दिलवाये जाने के शिविर प्रभारी को निर्देश दिए गए। लाइन मैन धर्म सिंह द्वारा कोई तार ढीला नहीं होना, पोल टूटा नहीं होना बताया गया परंतु करन सिंह गांववासी द्वारा इस बात का खंडन किया गया गांववासी द्वारा बताया गया कि थाडी मौहल्ला में बिजली के तार पेड के ऊपर से जा रहे है 2 पोल टूटे हुए हैं जिससे व्यक्ति एवं पशओं को क्षति होने की संभावना है। वहां उपस्थित गिरदावर को तुरंत मौका देखने लाइन मैन को चार्जशीट उपखंड अधिकारी सैंपऊ द्वारा दिलवाये जाने के निर्देश शिविर प्रभारी को दिए गए। पटवारी कोलुआ द्वारा बिना मौके पर गये हुए बिना सहमति के विभाजन कर रहे है। उक्त पटवारी को मौके पर जाकर आपसी सहमति से बटवारा करवाने के निर्देश दिए गए। चिकित्सा विभाग की टीम के पास ईकेवाईसी की सूचना उपलब्ध नहीं थी। ईमित्र द्वारा बिना नेट कनेक्शन के मोबाइल से नेट चलाया जा रहा था जिससे ईकेवाईसी नहीं हो पा रही थी। शिविर प्रभारी को उपस्थिति पंजिका संधारित करने के निर्देश दिए गए। राजीव गांधी सेवा केन्द्र करीमपुर सैंपऊ में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल शिविर का निरीक्षण किया गया। शिविर प्रभारी तहसीलदार बसईनबाव मनोज भरद्वाज एवं सहायक शिविर प्रभारी विकास अधिकारी सैंपऊ रामबोल गुर्जर उपस्थित मिले। ब्लॉक समाज कल्याण अधिकारी द्वारा पेंशनर्स सत्यापन के 68 लंबित होना बताया। स्टाफ को डोर-टू-डोर जाकर पेंशनर्स सत्यापन का कार्य शत-प्रतिशत करने के निर्देश दिये गए। लाइन मैन करीमपुर द्वारा बताया गया कि कोई तार ढीला नहीं है परंतु मौके पर उपस्थित गांववासियों द्वारा इस बात का खंडन किया गया पास के खेतों में तार ढीले होना बताया। शिविर प्रभारी को तुरंत समाधान कराने के निर्देश दिए गए।

## पागल कुत्ते के काटने से 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**वेलकम इंडिया**

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** पागल कुत्ते के काटने से उपचार के दौरान एक 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। व्यक्ति की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। गमगीन माहौल में मृतक व्यक्ति के सब का दाह संस्कार किया गया।

कस्बा निवासी 55 वर्षीय राजीव नगर के बुढाना तिराहा पर टी स्टाल चलाता है। एक सप्ताह पूर्व रात के समय दुकान बन्द कर घर वापस आ रहा था। जैसे ही बाइक सवार राजीव रास्ते से घर लौट रहा था तो इसी बीच अज्ञात आवारा हिंसक पागल कुत्ते ने राजीव पर हमला कर दिया। चेहरे पर काट कर घायल कर दिया। इसके बाद परिजनों ने राजीव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराकर एंटी रेबीज वैक्सीन के इंजेक्शन लगवाए थे। इसके बावजूद उनकी तबीयत खराब हो गई। राजीव की तबियत बिगड़ने पर परिजन उन्हे दिल्ली ले गए, लेकिन वहां से फायदा न मिलने पर अन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन डॉक्टरों ने जल्दी ही जवाब दे दिया।

# एसआरएम आईएसटी में फेस-टू-फेस फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** एसआरएम आईएसटी, दिल्ली-एनसीआर कैंपस में एआईसीटीई-अटल प्रायोजित छह दिवसीय ₹आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड एप्लीकेशन्स₹ विषयक फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का भव्य शुभारंभ एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, दिल्ली-एनसीआर कैंपस, गाज़ियाबाद के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा पीटर एफ. ड्रकर हॉल में एआईसीटीई ट्रेनिंग एंड लर्निंग (अटल) अकादमी के फेस-टू-फेस फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं अनुप्रयोग ( आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड एप्लीकेशन्स ) विषय पर किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रूबी शुक्ला, डायरेक्टर, प्रोग्राम मैनेजमेंट, पब्लिसिस सैपिएंट, नोएडा रहीं। उन्होंने मुख्य भाषण देते हुए वर्तमान डिजिटल प्रणालियों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की वास्तविक दुनिया में उपयोगिता और औद्योगिक अनुप्रयोगों पर अपने अनुभव साझा किए। इस कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन, वंदना और सरस्वती वंदना के साथ हुई, जो संस्थान की सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। इसके पश्चात डॉ. अवनीश वशिष्ठ, विभागाध्यक्ष, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग ने सभी गणमान्य अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया। प्रोफेसर (डॉ.) धौम्या भट्ट, डीन, आईक्यूएसी और एफडीपी समन्वयक ने छह दिवसीय कार्यक्रम की संरचना और उद्देश्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की और उन्नत तकनीकी विषयों में फैकल्टी कौशल उन्नयन की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने यह भी बताया कि प्रतिभागियों को विशेषज्ञों द्वारा संचालित व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्रों के साथ-साथ प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय कंपनी इवैल्यूसर्व सेज प्राइवेट लिमिटेड के औद्योगिक दौरे का भी अवसर प्राप्त होगा। इसके बाद, प्रोफेसर (डॉ.) आर. पी. महापात्रा, डीन, एसआरएम आईएसटी दिल्ली-एनसीआर कैंपस ने संस्थान द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में की जा रही पहलों और शैक्षणिक प्रगति को उजागर किया। सत्र का समापन डॉ. रोली गुप्ता, एफडीपी को-कोऑर्डिनेटर द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने आयोजन समिति, अतिथि वक्ताओं और प्रतिभागियों के योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। इस एफडीपी में कई प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के संकाय सदस्यों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई, जिनमें जामिया हमदर्द (नई दिल्ली), वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय, गलगोटियास विश्वविद्यालय, आईटीएस इंजीनियरिंग कॉलेज (ग्रेटर नोएडा), और एमआईईटी (ग्रेटर नोएडा) शामिल हैं। तकनीकी सत्रों के लिए आमंत्रित विशेषज्ञ वक्ता अकादमिक और औद्योगिक क्षेत्रों के प्रतिष्ठित प्रोफेशनल हैं। प्रमुख विशेषज्ञों में शामिल हैं: डॉ. शेली सचदेवा (एनआईटी दिल्ली), डॉ. नन्हे सिंह (एनएसयूटी, ईस्ट कैंपस, दिल्ली), डॉ. विनय कौशिक (आईआईआईटी सोनीपत), डॉ. कपिल आर्य (सीएसआईआर दिल्ली), और विनय कुमार त्रिपाठी (एचसीएल टेक्नोलॉजीज, नोएडा)। इन सत्रों का उद्देश्य प्रतिभागियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के हालिया विकास और व्यावहारिक ज्ञान से परिचित कराना है।

# आरकेजीआईटी के विद्यार्थियों को मिला 21 हजार का नगद इनाम

वेलकम इंडिया




**गाज़ियाबाद ( अनिल वशिष्ठ )।** एकेटीयू द्वारा आइडिया कॉन्टेस्ट 2025 का आयोजन किया गया । जिसका फाइनल 9 - 10 जून, 2025 को एकेटीयू कैंपस, लखनऊ में 24 घंटे के ग्रैंड फिनाले हैकाथॉन ह्लनवोन्मेष आइडिया चैलेंज 2025ह्व के साथ संपन्न हुआ । इस आयोजन में उत्तर प्रदेश की 280 से अधिक टीमों ने हिस्सा लिया। पहले राउंड में शीर्ष 100 आइडिया का चयन करने के बाद 50 टीमों को फाइनल के लिए चुना गया। इसके बाद आरकेजीआईटी की टीम ₹साइबर कॉन्करर₹ को पूरे राज्य में शीर्ष 6 फाइनलिस्टों में चुना गया। इस टीम में आरकेजीआईटी के दो विद्यार्थी कृष्णव तलुकदर एवं करन सिंह नेगी ने मिलकर बधिर और मूक लोगों की समस्याओं को हल करने के लिए ए-आई आधारित रियल टाइम इंडियन लैंग्वेज ट्रांसलेटर ह्लइशाराह्वको विकसित किया। आरकेजीआईटी के डीन ईआईआई डॉ पुनीत चंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि इस टीम में आरकेजीआईटी के सी एस ई - डेटा साइंस द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी कृष्णव तलुकदर एवं करन सिंह नेगी को उत्तर प्रदेश के माननीय राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल, तकनीकी शिक्षा मंत्री आशीष सिंह पटेल एवं एकेटीयू के कुलपति प्रो. जय प्रकाश पांडेय द्वारा 21 हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया। उपरोक्त उपलब्धि के लिए संस्थान के वाइस चेयरमैन श्री अक्षत गोयल, ग्रुप एडवाइजर डॉ लक्ष्मण प्रसाद, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ डी के चौहान, डायरेक्टर डॉ. बी. सी. शर्मा, डीन एकेडमिक्स डॉ. आर. के. यादव ने विद्यार्थियों के प्रयासों की प्रशंसा एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष मदन लाल सैनी को पुण्यतिथि पर कार्यकताओं ने दी श्रद्धांजलि



डॉ.शंभू पंवार

**चिड़ावा।** 24 जून।भारतीय जनता पार्टी राजस्थान के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद मदन लाल सैनी की छठी पुण्यतिथि पर पार्टी कार्यकताओं ने उन्हें स्मरण किया ओर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। एवं गो वंश को आहार दलिया खिलाया ओर उनकी स्मृति में पौधारोपण किया गया।

चिड़ावा में गोगाजी स्थित नंदी शाला में राज्य ओ.बी.सी.आयोग के सदस्य पवन मावंडिया की अगुवाई में कार्यकताओं ने उनके चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।इस दौरान पवन मावंडिया,पूर्व प्रधान कैलाश मेघवाल,पूर्व ज़िलाध्यक्ष सुभाष शर्मा, पिलानी प्रधान बिरमा देवी ,पृथ्वीराज शर्मा सहित अन्य वक्ताओं ने स्व. सैनी के जीवन से जुड़े कई प्रसंग बताए। वक्ताओं ने कहा कि स्व. मदन लाल सैनी ने अपना पूरा जीवन पार्टी को समर्पित किया ।उनका सादगी पूर्ण व्यक्तित्व ओर उच्च विचार कार्यकताओं के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने राजनीति जैसे क्षेत्र में निष्ठा और ईमानदारी से कार्य किया ।वे सादगी की अद्भुत मिसाल थे ।इस दौरान नगर मंडल अध्यक्ष नरेंद्र गिरधर पूर्व जिला महामंत्री अमर सिंह तंवर ,परसराम सैनी ,पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा , वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ.शंभू पवार ,पूर्व जिला उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह कालीपहाडी ,देवरोड मंडल अध्यक्ष सज्जन कोठारी,पंचायत समिति सदस्य सुभाष योगी, पूर्व सरपंच नीतिराज सिंह,पूर्व पार्षद सुरेश जलेंधरा,पार्षद गंगाधर सैनी,बिट्टू पारीक ,पृथ्वीराज शर्मा,शिवकुमार शर्मा, पार्षद जगदीश प्राण,पार्षद अंकित भगेरिया ,डॉ सुरेंद्र भगिना ,जिला प्रवक्ता सुरेंद्र सोनी ,पार्षद विक्रम रोहिल्ला पिलानी,संदीप रायला,नगर उपाध्यक्ष रामचंद्र शर्मा ,समाजसेवी सुरेंद्र सैनी ,पूर्व सरपंच नरहर सुभाष स्वामी ,पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा महेंद्र मोदी ,निखिल मावंडिया ,बाबू राजपुरोहित , युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष अशोक शर्मा ,मनीष धाबाई, रजनीकांत मिश्र,ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष संतोष सैनी, कुलदीप कटारिया, पूर्व पार्षद महेंद्र कुमावत, अमित कुठानिया, चंदगी राम सैनी बगड़,जय सिंह नूनिया ,आशु स्वामी, अशोक तंवर ,मोहित तामड़ायत ,विक्रम सैनी ,हेमंत सैनी,आशुतोष शर्मा, विक्रम शर्मा, शुभम पांडे, चेतन चौमाल, मोहित सोलंकी, हार्दिक सोलंकी, सचिन सैनी समस्त नंदी गौशाला टीम एवं काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# ब्राह्मण महासभा का प्रदेश अधिवेशन वृंदावन में आयोजित किया गया

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** अखिल भारतवषीर ब्राह्मण महासभा 258 का प्रदेश अधिवेशन क्षेत्र वृंदावन में आयोजित किया गया। जिसमें लगभग 25 जिलों से जिला अध्यक्ष एवं महानगर अध्यक्ष उपस्थित हुए ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष बी डी शर्मा विशिष्ट अतिथि शिवमोहन भारद्वाज राष्ट्रीय महामंत्री एवं मथुरा के विधायक पूर्व मंत्री श्रीकांत शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष त्रिभुवन शर्मा ने की। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री आचार्य राजेश द्वारा किया गया। प्रदेश कार्यकारिणी में लगभग 250 पदाधिकारी ने भाग लिया। कार्यक्रम विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया । अनेक विषयों पर चर्चा की गई लगभग पांच प्रस्ताव को पास किये गये। जिसमें ब्राह्मण कल्याण बोर्ड की बात भी रखी गई ।उसे सर्व सहमति से पास किया और सरकार को पत्र लिखने के लिए प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय महामंत्री को निर्देशित किया गया। राधा मदन गोपाल मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।वहां के पीठ आदिश्वर पंडित आचार्य राजेश को प्रदेश में पदाधिकारी की भूमिका भी दी गई ।कार्यक्रम के उपरांत राष्ट्रीय महामंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बांके बिहारी के दर्शन किए ।इसके उपरांत जन्मभूमि के दर्शन भी किये। कार्यक्रम में चार चांद लगाने के लिए राष्ट्रीय महामंत्री ने अपना उद्बोधन भी दिया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय पदाधिकारी पंडित प्रमोद हितेषी डॉ वेद प्रकाश शर्मा बरेली से सुरेंद्र पांडे बागपत से राधेश्याम शर्मा सुरेश कौशिक प्रदेश संरक्षण राजपाल शर्मा अनेकों पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

# मोदी शुगर मिल प्रबंधन गन्ना भुगतान के प्रति गंभीरता बरतें: राजन चौधरी



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** सहकारी गन्ना समिति के चेयरमैन राजन चौधरी ने कहा कि मोदी शुगर मिल प्रबंधन गन्ना उत्पादकों किसानों के हित में अवशेष गन्ना मूल्य भुगतान के प्रति गंभीरता बतरें और यथाशीघ्र संपूर्ण भुगतान कर किसानों को राहत पहुंचाए। राजन चौधरी यहां तिबड़ा रोड पर स्थित सहकारी गन्ना विकास समिति के कार्यालय में आहुत एक बैठक में किसानों की समस्याओं पर मंथन कर रहे थे। बैठक में मोदी शुगर मिल के भी अधिकारी मौजूद थे। बैठक में गन्ना कॉम्पलैक्स की दुकानों को लंबित किराए संबंधी समस्या सहित आठ प्रमुख मुद्दों पर मंथन हुआ। कई सुझाव भी आए। इस मौके पर गन्ना विकास निरीक्षक सुमित पाण्डेय, योगेश मलिक, अमित विद्यापुरिया सहित अन्य मौजूद थे।

# विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने फीता काटकर किया सड़कों का उद्घाटन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** विधानसभा क्षेत्र मे निवाड़ी रोड, केशव कुंज, गली संख्या-2 में विधायक निधि से स्वीकृत इंटरलॉकिंग एवं नाली निर्माण कार्य मुकेश शर्मा के मकान से अनिल फौजी के मकान तक का उद्घाटन विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने फीता काटकर किया। इस कार्य पर कुल 5.70 लाख की लागत स्वीकृत की गई है साथ ही ग्राम भोजपुर में मैन रोड से चामुंडा मंदिर तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य का उद्घाटन भी विधायक द्वारा किया गया। इस निर्माण कार्य की कुल लंबाई 115 मीटर है जिसकी अनुमानित लागत 12.98 लाख है विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने अपने संबोधन में कहा कि ह्लजनता की सुविधा और क्षेत्र का सतत विकास ही हमारी प्राथमिकता है, और यह कार्य उसी दिशा में एक और सार्थक प्रयास है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, निवासी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# शिकारपुर तहसील के गांव सैदगढ़ी में शीतला माता के मंदिर पर लगा भव्य मेला



वेलकम इंडिया

**शिकारपुर**/अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के गांव सैदगढ़ी में शीतला माता का मंदिर स्थित है हर वर्ष आषाढ़ माह के हर मंगल को मंदिर पर मेला का आयोजन होता है जहां माता की जात के लिए सैकड़ो गांव के हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं आज दूसरे मंगलवार को मंदिर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ हुई मंदिर पर हर वर्ष माह के प्रत्येक मंगल को मंदिर पर भव्य मेला का आयोजन किया जाता है जहां मंदिर पर आने वाले श्रद्धालु अपने-अपने बच्चों का मुंडन कराते हैं लोगों की मान्यता है कि श्रद्धालु मंदिर पर पहुंचकर अपने नन्हे मुन्ने बच्चे का मुंडन कराते हैं शीतला माता के भक्त अपनी मनोकामना पूर्ण करने के लिए पूजा अर्चना करते हैं माह के प्रत्येक मंगल की सुबह से ही शीतला माता के मंदिर पर भक्तों की लंबी कतारें लगती हैं।

# एन सी सी कैडेट्स ने महिला सुधार सामाजिक संकेतक रैली निकाली

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** 35 यू पी वाहिनी एन सी सी मोदीनगर के तत्वावधान में, डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर में, एन सी सी महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीर पाल सिंह ( वी एस एम,ए वी एस एम ) के आदेशों के अनुक्रम एवं 35 यू पी वाहिनी एन सी सी मोदीनगर के कमान अधिकारी कर्नल पी के सिंह एवं कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद अग्रवाल के निर्देशन में महिला सुधार सामाजिक संकेतक रैली का भव्य आयोजन किया गया। महिला सुधार और सामाजिक संकेतक रेली मोदी कॉलेज से चलकर राष्ट्रीय राजमार्ग 58 से बस स्टैंड, तिबडा रोड, भगवान गंज मंडी, तरंग रोड, गुरुद्वारा रोड होते हुए विद्यालय पर आकर सम्पन्न हुई ।रैली के दौरान एन सी सी कैडेट्स एवं गर्ल्स कैडेट्स नारी का करो सम्मान तभी बनेगा देश महान, महिला सशक्तीकरण से ही समाज की प्रगति होती है, आदि स्लोगन के माध्यम से महिलाओं को जागरूक कर भारत सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं से अवगत कराकर उन्हें समान अधिकार, अवसर और सुरक्षा प्रदान कराना है ताकि वे समाज में सक्रिय और सशक्त भागीदार बन सकें। महिला सुधार संकेतक योजना एक व्यापक वाक्यांश है जो महिलाओं के सामाजिक, शैक्षिक, स्वास्थ्य, आर्थिक और राजनीतिक उत्थान के लिए सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं को संदर्भित करता है। रैली का नेतृत्व मोदी कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर एवं लेफि्टनेंट राजीव जांगिड़ ने किया। रैली के समापन पार एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर ने कहा कि महिलाएँ भारत में सामाजिक संकेतकों में सुधार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है शिक्षा, स्वास्थ्य ,आर्थिक और राजनैतिक क्षेत्रों में उनकी भागीदारी और नेतृत्व भारत के विकास में एक महत्वपूर्ण कारक है ।लै राजीव जांगिड ने कहा कि महिलाओं को राजनैतिक और सामाजिक रूप से सक्रिय होना चाहिए रैली के दौरान सुबेदार मेजर दोज थापा, सूबेदार सूर्य मान घाले ,नितिन नेहरा, राजकुमार ,सतीश कुमार ,कैडेट कार्तिक, कुणाल, हर्ष, यश शर्मा ,श्याम आदि का विशेष सहयोग रहा।

# पलिया में रेहान खान के आवास पर पीडीए की बैठक, 400 से अधिक लोगों ने थामा सपा का दामन

मोहम्मद असलम



**पलिया, लखीमपुर खीरी।** समाजवादी पार्टी ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि जनता के दिलों में उसकी जड़ें कितनी गहरी हैं। मंगलवार को पलिया स्थित समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव रेहान खान के आवास पर प्रगतिशील लोकतांत्रिक गठबंधन (पीडीए) की एक विशाल व ऐतिहासिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जिले भर से आए जनसामान्य, प्रबुद्धजन, किसान, नौजवान और महिलाओं ने भारी संख्या में भागीदारी करते हुए समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। यह न केवल संगठन की मजबूती का प्रतीक था, बल्कि भाजपा की नीतियों से आहत जनता के मूड का स्पष्ट संकेत भी। बैठक में डॉ. ए. के. अवस्थी समेत 400 से अधिक लोगों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर अपने समर्थन की घोषणा की। समाज के विभिन्न तबकों से जुड़े लोगों का पार्टी से जुड़ना यह दशार्ता है कि समाजवादी विचारधारा में जनविश्वास तेजी से बढ़ रहा है। डॉ. ए. के. अवस्थी ने इस मौके पर कहा, ₹यह समय विचारधारा की लड़ाई का है। आज जनता ठगा हुआ महसूस कर रही है। ऐसे में समाजवादी पार्टी ही वह मंच है जो आम लोगों की पीड़ा को समझती है और ईमानदारी से संघर्ष कर रही है।₹ उन्होंने पार्टी नेतृत्व और रेहान खान की कार्यशैली की सराहना करते हुए संगठन को हर स्तर पर मजबूत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष रामपाल यादव, जिला उपाध्यक्ष फुरकान अंसारी, विधानसभा महासचिव रामचंद्र गौतम, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महमूद हुसैन, विधानसभा उपाध्यक्ष ललित पाल सहित अनेक वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इन सभी नेताओं ने एक स्वर में नवदलगत सदस्यों का स्वागत करते हुए पार्टी की नीतियों और आगामी चुनावी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की।

# संभव जनसुनवाई में नगर आयुक्त ने सुनी जनता की समस्या

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा नागरिकों की समस्याओं के समाधान हेतु नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे ₹संभव₹ जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने मंगलवार को विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 26 संदर्भों पर सुनवाई की और त्वरित कार्यवाही के निर्देश जारी किए। जनसुनवाई में प्राप्त 26 शिकायतों में निर्माण विभाग से 10, स्वास्थ्य विभाग से 7, जलकल विभाग से 3, उद्यान विभाग से 2, प्रकाश विभाग, संपत्ति विभाग और अतिक्रमण से 1-1 शिकायत प्राप्त हुई, वहीं डूडा विभाग से भी 1 संदर्भ सामने आया। नगर आयुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों पर समयबद्ध, जमीनी और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान नगर आयुक्त ने विशेष रूप से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे साफ-सफाई और नालों की सफाई के बाद समय पर सिल्ट उठाने की प्रक्रिया पर कड़ी नजर रखें। उन्होंने कहा कि यदि सिल्ट उठाने में देरी होगी, तो पूर्व की सफाई का कोई असर नहीं बचेगा और जनता को फिर से परेशानी झेलनी पड़ेगी। नगर आयुक्त ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान तभी सार्थक माना जाएगा जब विभागीय अधिकारी मैदान में उतरकर जमीनी स्तर पर काम करेंगे। समय पर जवाबदेही और कार्रवाई, निगम की विश्वसनीयता को बनाए रखने के लिए जरूरी है। संभव कार्यक्रम के दौरान अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव, संयुक्त नगर आयुक्त ओमप्रकाश, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद, संपत्ति प्रभारी पल्लवी, और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित करने और जोनल स्तर पर कार्रवाई तेज करने के निर्देश भी दिए गए। गाजियाबाद नगर निगम का यह प्रयास नागरिकों और प्रशासन के बीच की दूरी को कम करने और लोक कल्याण की दिशा में विश्वासपूर्ण संवाद स्थापित करने में अहम भूमिका निभा रहा है।

## सनातन ही हिंदू धर्म, इसकी रक्षा के लिए संसद में 400 सीटें चाहिए, जल्द करेंगे धार्मिक यात्रा की शुरूआत

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद। शिवसेना (शिंदे गुट)** के राष्ट्रीय संयोजक एवं एनडीए के चुनाव प्रभारी अभिषेक वर्मा ने गाजियाबाद में आयोजित एक कार्यकर्ता सम्मेलन में गरजते हुए कहा कि सनातन धर्म ही हिंदू धर्म है, और इसकी रक्षा केवल आस्था से ही नहीं, अपितु एक ठोस राष्ट्रनीति से भी संभव है। अपने भावनात्मक एवं ओजपूर्ण संबोधन में उन्होंने कहा कि भारत सदियों से संस्कृति और परंपरा का पालक रहा है, और अब समय आ गया है कि देश की हिंदू पहचान को संवैधानिक रूप से मान्यता दी जाए। श्री वर्मा ने साफ कहा भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित किया जाना चाहिए और इसके लिए विशेष कानून बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को प्रभावी ढंग से पाने के लिए संसद में एनडीए की 400 सीटें जरूरी हैं, ताकि बहुमत से यह ऐतिहासिक कदम उठाया जा सके। कार्यक्रम में श्री वर्मा ने धर्मांतरण को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि कुछ लालची संगठनों द्वारा भोले-भाले लोगों को बहकाकर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। यह हमारी संस्कृति पर सीधा हमला है, और इसे हर कीमत पर रोका जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए स्थानीय स्तर से प्रयास किए जा रहे हैं और जल्द ही वे खुद एक विशेष धार्मिक यात्रा पर निकलेंगे, जिसका उद्देश्य होगा सनातन धर्म की रक्षा और शिवसेना के हिंदुत्ववादी विचार को जन-जन तक पहुँचाना। श्री वर्मा ने हिंदुओं में स्वाभिमान और गौरवबोध जगाने की बात करते हुए कहा कि गौमाता, परंपराएं और संस्कृति हमारी अस्मिता का हिस्सा हैं, और इन्हें बचाने के लिए प्रत्येक नागरिक को सजग रहना होगा।

## गाजियाबाद में शुरू हुई नैपियर चारा बैंक योजना, चयनित किसानों को मुफ्त नैपियर घास और 4000 की आर्थिक सहायता

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** पशुपालन को बढ़ावा देने और दुधारू पशुओं को वर्ष भर हरे चारे की आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गाजियाबाद में नैपियर चारा बैंक योजना 2025-26 की शुरूआत की गई है। इस महत्वाकांक्षी योजना की जानकारी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. एस.पी. पाण्डेय ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

डॉ. पाण्डेय ने बताया कि यह योजना किसानों, स्वयं सहायता समूहों, पंजीकृत गौशालाओं, गौआश्रय स्थलों, एफ.पी.ओ. (एफपीओ) एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के लिए लागू होगी। योजना का उद्देश्य है जनपद के पशुपालकों को पोषण युक्त हरे चारे की निरंतरता देना, जिससे पशुओं के स्वास्थ्य और दूध उत्पादन में वृद्धि हो सके। इस योजना के अंतर्गत लाभार्थी के पास न्यूनतम 0.2 हेक्टेयर (लगभग 2.4 बीघा) सिंचित भूमि होना अनिवार्य है। पंजीकृत गौशालाओं एवं गौआश्रय स्थलों को यदि टैग्ड गोचर भूमि या एलएमसी भूमि उपलब्ध हो, तो उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अलावा, अनुसूचित जाति/जनजाति से संबंधित या महिला मुखिया परिवारों को भी चयन में विशेष वरीयता दी जाएगी। चयनित लाभार्थियों को योजना के पहले वर्ष में नैपियर घास की जड़ें निःशुल्क प्रदान की जाएंगी। दूसरे वर्ष इन जड़ों की दो गुनी मात्रा निगम को लौटाई जाएगी, ताकि अन्य इच्छुक लाभार्थियों को भी इसका लाभ मिल सके। साथ ही, खेत की तैयारी हेतु प्रत्येक चयनित लाभार्थी को 4000 की राशि सीधे उनके बैंक खाते में प्रदान की जाएगी। जनपद गाजियाबाद में केवल 10 लाभार्थियों का चयन किया जाना है। यदि आवेदन संख्या 10 से अधिक होती है, तो मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित चयन समिति पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर 10 योग्य आवेदकों का चयन करेगी।

## उत्तर प्रदेश में पहला और देश में दूसरा गाजियाबाद नगर निगम, पर्यावरण संरक्षण के साथ राजस्व में भी होगा इजाफा

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नगर निगम ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए खुद को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार्बन क्रेडिट परियोजना में पंजीकृत करा लिया है। यह उपलब्धि गाजियाबाद को उत्तर प्रदेश का पहला और देश का दूसरा नगर निगम बनाती है, जिसने वैश्विक मंच पर पर्यावरणीय स्थायित्व की दिशा में एक ठोस और दूरदर्शी कदम उठाया है। यह पंजीकरण न केवल पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में गाजियाबाद की प्रतिबद्धता को दशार्ता है, बल्कि आने वाले समय में नगर निगम के लिए एक नया राजस्व स्रोत भी तैयार करेगा। महापौर सुनीता दयाल ने इस ऐतिहासिक सफलता पर शहरवासियों को बधाई देते हुए कहा कि गाजियाबाद की यह उपलब्धि समूचे उत्तर प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि नगर निगम की यह पहल पर्यावरणीय संतुलन के साथ-साथ आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में भी प्रेरणादायक साबित होगी। महापौर ने सभी नागरिकों से नगर निगम के पर्यावरण हितैषी प्रयासों में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि वे गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखें और अधिकृत वाहनों में ही कचरा डालें। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम ने बीते कुछ वर्षों में ऊर्जा दक्षता और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। निगम ने शहर की पुरानी लाइटों को एलईडी लाइट्स से बदला, जिससे बिजली की खपत में भारी कमी आई। साथ ही गीले कचरे से कंपोस्ट बनाने की प्रक्रिया को बढ़ावा दिया गया, जिससे अनुमानतः 2 लाख 70 हजार टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आई है। 1 टन कार्बन उत्सर्जन की रोकथाम एक कार्बन क्रेडिट के बराबर मानी जाती है, जिसे अब अंतरराष्ट्रीय कार्बन बाजार में बेचा जा सकेगा। नगर आयुक्त ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम की परियोजनाओं को संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज (यूएनएफसीसीसी) द्वारा समर्थित 'वीसीएसज यानी वेरिफाइड कार्बन स्टैंडर्ड के अंतर्गत सत्यापित और पंजीकृत किया गया है। निगम द्वारा यह प्रस्ताव दिसंबर 2023 में 'वेरा रजिस्ट्रीज में प्रस्तुत किया गया था, जिसे जून 2025 में अंतिम रूप से मंजूरी और सत्यापन प्राप्त हुआ। यह प्रक्रिया काफी तकनीकी और कठोर मूल्यांकन से होकर गुजरती है, जिसमें वैश्विक मानकों पर खरा उतरना जरूरी होता है।

## साइबर जाल में फंसा यूपी पुलिस का सिपाही, घर बैठे कमाई के नाम पर ठगे 1 लाख से अधिक

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** घर बैठे कमाई और मोटे रिटर्न का लालच देकर कौशांबी थाना क्षेत्र में रहने वाले पीएसी सिपाही से 11 हजार रुपये ट्रांसफर कराने के बाद ठगों ने एक लाख रुपये से अधिक की ठगी कर ली। यह पूरी वारदात 7 जून को अंजाम दी गई, जिसकी रिपोर्ट सोमवार को दर्ज कराई गई है। पीड़ित सिपाही दीपक शर्मा, जो वैशाली स्थित 41वीं वाहिनी पीएसी में तैनात हैं, को एक संदिग्ध व्हाट्सएप मैसेज मिला। मैसेज में एक लिंक दिया गया था, जिसे खोलकर दीपक ने साइट पर साइनअप किया। इसके बाद उनके खाते में 10,999 रुपये ट्रांसफर कर दिए गए। ठगों ने दावा किया कि यह रकम साइट से कुछ उत्पाद खरीदने के लिए दी गई है और इसके बदले उन्हें 30 से 40 फीसदी तक का रिटर्न मिलेगा।

शुरूआत में दीपक ने छोटे-छोटे प्रोडक्ट खरीदने शुरू किए। उन्हें साइट पर उनके रिटर्न भी दिखने लगे, जिससे वह पूरी तरह झांसे में आ गए। इसके बाद उन्हें कहा गया कि अगर वह बड़ा मुनाफा कमाना चाहते हैं, तो उन्हें 50 हजार रुपये निवेश करने होंगे। दीपक ने जैसे ही पैसे भेजे, उन्हें बताया गया कि स्लॉट फुल हो चुका है, अब उन्हें एक लाख रुपये जमा करने होंगे। धीरे-धीरे ठगों ने दीपक से कुल मिलाकर 1.28 लाख की रकम ऐंठ ली। जब बार-बार नए निवेश की मांग होने लगी और किसी भी तरह का लाभ नहीं मिला, तो दीपक को ठगी का एहसास हुआ। उन्होंने तत्काल अपने बैंक खाते को ब्लॉक कराया और पुलिस से संपर्क किया। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर लिया गया है और साइबर सेल जांच में जुट गई है। संबंधित मोबाइल नंबर, बैंक खातों और लेन-देन का विवरण खंगाला जा रहा है। यह मामला एक बार फिर ऑनलाइन फ्रॉड के नए और खतरनाक ट्रेंड को उजागर करता है, जिसमें लोग आसानी से कमाई के लालच में फंसते हैं।

पुलिस ने नागरिकों को चेताया है कि अज्ञात लिंक और निवेश के झांसे से सावधान रहें और किसी भी तरह की अनजान ऑनलाइन गतिविधि में व्यक्तिगत व बैंक जानकारी साझा न करें।

## ग्रामीण भारत के लिए मुस्कान की नई शुरूआत: भोजपुर पीएचसी में सैटेलाइट डेंटल क्लीनिक आरंभ


वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय पहल करते हुए आईटीएस डेंटल कॉलेज, मुरादनगर द्वारा मंगलवार को भोजपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पीएचसी) में एक अत्याधुनिक सैटेलाइट डेंटल क्लीनिक का शुभारंभ किया। यह क्लीनिक संस्थान की कम्युनिटी हेल्थ सेवा के तहत स्थापित की गई है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में भी शहरी स्तर की दंत चिकित्सा सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराना है। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि रविन्द्र कुमार, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) और सुचेता सिंह, ब्लॉक प्रमुख भोजपुर एवं सदस्य, जिला स्वास्थ्य समिति मोदीनगर थीं। दोनों अतिथियों ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर क्लीनिक का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर ग्रामीणों और उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने इस पहल का गर्मजोशी से स्वागत किया। यह सैटेलाइट डेंटल क्लीनिक, भोजपुर सहित आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को मौखिक स्वास्थ्य जांच, दांतों की सफाई, फिलिंग, रूट कैनाल, इत्यादि जैसी अत्यावश्यक सेवाएं निःशुल्क प्रदान करेगा। क्लीनिक की सेवाएं आईटीएस डेंटल कॉलेज के अनुभवी और प्रशिक्षित दंत चिकित्सकों की देखरेख में संचालित होंगी, जिससे इसकी गुणवत्ता पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार यह क्लीनिक हर माह सैकड़ों मरीजों को लाभान्वित करने की क्षमता रखता है और इसका उद्देश्य केवल इलाज तक सीमित नहीं, बल्कि मौखिक स्वास्थ्य के प्रति जनजागरूकता फैलाना भी है।

## केंद्रीय आर्य युवक परिषद् के 727वें वेबिनार में 'योग की महत्ता' विषय पर हुई वैदिक दृष्टिकोण से सारगर्भित चर्चा

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** केंद्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में योग की महत्ता विषय पर मंगलवार को एक प्रेरणादायक ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया। यह वेबिनार परिषद् की शृंखला में कोरोना काल से अब तक का 727वां सत्र था, जो निरंतर योग, संस्कृति और समाजिक चेतना पर केंद्रित आयोजनों का प्रमाण है। इस अवसर पर वैदिक विदुषी दर्शनाचार्या विमलेश बंसल आर्या ने योग के गूढ़ पक्षों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि एक समग्र जीवन प्रणाली है। उन्होंने कहा कि योग साधना से केवल शरीर ही नहीं, बल्कि मन, बुद्धि और आत्मा भी अनुशासित होती है। योग से व्यक्ति तन, मन और जीवन में संतुलन स्थापित कर सकता है। विमलेश बंसल ने स्पष्ट किया कि जब तक योग के वास्तविक लाभों की समझ नहीं होगी, तब तक योग साधक की चेतना जागृत नहीं हो सकती। उन्होंने बताया कि आसन और प्राणायाम योग के महत्वपूर्ण अंग हैं, परंतु योग की पूर्णता के लिए आंतरिक शुद्धि, समाज के प्रति कर्तव्य और ईश्वर के प्रति आस्था आवश्यक है।

## नगर निगम कर्मचारियों की चेतावनी से हड़कंप, समस्याओं के समाधान न हुए तो करेंगे कार्य बहिष्कार

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद नगर निगम में वर्षों से लंबित कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर असंतोष अब खुलकर सामने आ गया है। निगम के तीनों प्रमुख कर्मचारी संगठनों ने मंगलवार को संयुक्त मोर्चा बनाते हुए नगर प्रशासन को दो टूक चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो वे कार्य बहिष्कार पर उतरेंगे। इस चेतावनी के बाद नगर निगम के भीतर हलचल मच गई है और व्यवस्थागत संकट की आहट महसूस की जा रही है।

नगर निगम कर्मचारी संघ के शाखा अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने नगर आयुक्त को भेजे पत्र में आरोप लगाया है कि पिछले छह महीनों से प्रशासनिक स्तर पर एक भी बैठक आयोजित नहीं हुई है, जबकि ऐसी बैठकें हर माह आयोजित की जानी चाहिए थीं। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया कि तीनों संगठनों द्वारा लगातार उठाई जा रही प्रोन्नति, समयबद्ध वेतनमान, चिकित्सा भत्ता और वेतन विसंगतियों से जुड़ी समस्याओं पर कोई प्रगति नहीं हुई है। फाइलें महीनों से धूल फांक रही हैं और प्रशासन की चुप्पी ने कर्मचारियों के भीतर गहरा रोष पैदा कर दिया है। कर्मचारी नेताओं का कहना है कि अब उनका धैर्य जवाब देने लगा है और अगर शासन-प्रशासन ने समय रहते सकारात्मक कदम नहीं उठाए, तो आंदोलन की राह अपनाना उनकी मजबूरी बन जाएगी। इस चेतावनी के चलते नगर निगम की सेवाएं जैसे सफाई व्यवस्था, जलापूर्ति, भवन अनुज्ञा, कर संग्रह आदि बुरी तरह प्रभावित हो सकती हैं। इसका सीधा असर शहर की आम जनता पर पड़ेगा। नगर आयुक्त कार्यालय की ओर से इस चेतावनी पर अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। हालांकि निगम सूत्रों के अनुसार, नगर प्रशासन इस मुद्दे को गंभीरता से ले रहा है और जल्द ही संबंधित कर्मचारी संगठनों के साथ संवाद स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है ताकि बिगड़ती स्थिति को संभाला जा सके। कर्मचारी संगठनों का कहना है कि अब वे आश्वासन नहीं, ठोस कार्रवाई चाहते हैं। उनकी स्पष्ट मांग है कि समस्याओं का समाधान कागजों में नहीं, जमीनी स्तर पर दिखाई दे, अन्यथा यह असंतोष एक बड़े आंदोलन का रूप ले सकता है।

## सड़क पर गाड़ी चला रहे युवक को डंडे से पीटा, दी जान से मारने की धमकी

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के मसूरी थाना क्षेत्र से एक सड़क पर मारपीट और धमकी का मामला सामने आया है, जहां डंपर चालक के पालक ने मामूली बात पर युवक को डंडे से पीट दिया और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी तक दे डाली। इस मामले में पीड़ित युवक ने इलाज कराने के बाद 23 जून को मसूरी थाने में शिकायत दी, जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित नौशाद, जो मसूरी के रहने वाले हैं, ने बताया कि 15 जून की शाम वे अपनी गाड़ी से नाहल गांव जा रहे थे। रास्ते में जब वे नहर के पास पहुंचे, तो वहां खड़े एक डंपर के पालक ने अचानक डंडे से हमला कर दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं।

# पानी की एक-एक बूंद को तरसे वार्ड-95 के लोग, पार्षद ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** भीषण गर्मी और जल संकट के इस कठिन दौर में वार्ड-95 गंभीर पेयजल समस्या से जूझ रहा है। जस्सीपुरा, कैला भट्टा, प्रेम नगर और भैरव मंदिर जैसे इलाकों में पानी की आपूर्ति पूरी तरह ठप पड़ी है, जिससे हजारों की आबादी बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान है। इस समस्या को लेकर क्षेत्रीय पार्षद रुकसाना सैफी और पूर्व पार्षद जाकिर अली सैफी ने मंगलवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर नगर निगम की लापरवाही और भेदभावपूर्ण रवैये पर कड़ा एतराज जताया। ज्ञापन में बताया गया है कि वार्ड-95 के नागरिक नियमित रूप से जलकर जमा करते हैं, लेकिन उन्हें बदले में न तो साफ पानी मिल रहा है और न ही पर्याप्त मात्रा में। जहां कहीं पानी आता भी है, वह गंदा, बदबूदार और उपयोग के लायक नहीं होता। लोगों को मजबूरी में दूर-दराज से पानी खरीदना पड़ रहा है, जिससे उनका आर्थिक बोझ भी बढ़ रहा है। पार्षद प्रतिनिधि मोहम्मद रमीज राजा सैफी ने इस स्थिति के लिए नगर निगम पर जातीय मानसिकता और भ्रष्टाचार के चलते वार्ड की सुनियोजित उपेक्षा का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कई नलकूप पूरी तरह फेल हो चुके हैं, लेकिन अब तक न उनकी मरम्मत हुई है और न ही रिबोरिंग की कोई प्रक्रिया शुरू की गई है। रुकसाना सैफी ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही सभी फेल नलकूपों की रिबोरिंग और पानी की आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की गई, तो वार्ड की जनता सड़कों पर उतरकर आंदोलन को बाध्य होगी।



## पीड़ित परिवार ने डायल-112 पर दी सूचना, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**गाजियाबाद।** लालकुआं स्थित मानसरोवर पार्क कॉलोनी में चोरी की एक बड़ी घटना सामने आई है, जहां एक घर से लाखों के जेवरात और नगदी चोरी हो गई। पीड़ित परिवार ने पड़ोसी दंपती पर शक जताते हुए देव सिटी थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना 16 जून की बताई जा रही है, जब कॉलोनी निवासी प्रदीप कुमार ड्यूटी से घर लौटे तो उनकी पत्नी प्रीति ने बताया कि अलमारी से तीन सोने की अंगूठियां, एक सोने का पेंडेंट और 20,000 नकद गायब हैं। काफी खोजबीन के बावजूद जब कोई सुराग नहीं मिला, तो उन्होंने डायल-112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया और कार्रवाई का आश्वासन दिया।